संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -239 शनिवार,01 जुलाई 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

## मामला है दिल्ली सरकार के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार के खिलाफ अध्यादेश केंद्र सरकार का

» केंद्र सरकार का अध्यादेश असंवैधानिक है,इसे तुरंत रद्द किया जाए

» ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार को लेकर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है





**नई दिल्ली,30 जून 2023(ए)।** ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार को लेकर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार सौंपे थे, जिसके बाद केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर कोर्ट का फैसला पलट दिया था। इसके बाद केजरीवाल सरकार ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला था। अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी दलों के समर्थन के लिए केजरीवाल ने कई नेताओं से मुलाकात भी की थी।

### तीन जुलाई का प्रदर्शन हुआ रद्द

इस अध्यादेश को लेकर आम आदमी पार्टी ने पूरे दिल्ली में तीन जुलाई को प्रदर्शन करने का फैसला किया था, जिसमें अध्यादेश की कॉपी जलाई जानी थी, लेकिन अब इस प्रदर्शन को भी रद्द कर दिया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के अधीन है, इसलिए वह इस प्रदर्शन में भाग नहीं लेंगे। केजरीवाल के इस एलान के बाद अब पार्टी ने प्रदर्शन भी रद्द कर दिया है।

### इन नेताओं से केजरीवाल ने मांगा था समर्थन

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे को लेकर कई नेताओं का समर्थन मांगा है। केजरीवाल ने ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, स्टालिन, उद्धव ठाकरे और शरद पवार समेत कई नेताओं से मुलाकात की थी। इसके बाद केजरीवाल ने यह मुद्दा पटना में हुई विपक्षी दलों की मीटिंग में भी उठाया था।

### आम आदमी पार्टी ने आयोजित की थी महारैली

आम आदमी पार्टी के नेताओं ने 11 जून इस मुद्दे को लेकर महारैली भी आयोजित की थी। इस महारैली में पार्टी नेताओं के कई बड़े नेता सम्मलित हुए थे। इस महारैली में केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला था।

# राहुल गांधी बोले- हिंसा से समाधान नहीं

### शांति ही है एकमात्र समाधान

**मणिपुर,30 जून 2023(ए)।** मणिपुर में पिछले दो महीने से हिंसा जारी है। राज्य में हिंसा से प्रभावित हजारों लोगों को शिविरों में रखा गया है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी हिंसा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करने के लिए मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर हैं और आज उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात की। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने शांति का संदेश दिया।राहुल गांधी ने कहा, मैं आज मणिपुर में राहत शिविरों में गया और हर समुदाय के लोगों से मिला। राहत शिविरों में दवाओं और भोजन की कमी है, सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। मैं मणिपुर के प्रत्येक व्यक्ति से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। मणिपुर शांति चाहता है, मैं शांति के लिए जो भी कर सकता हूं वह करूंगा।





राहुल गांधी ने आज (30 जून) बिष्णुपुर जिले के मोइरांग शहर में दो राहत शिविरों का दौरा किया। राहुल गांधी सुबह करीब 9.30 बजे हेलीकॉप्टर से मोइरांग पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनीं। राहुल गांधी के साथ मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह, पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, पीसीसी अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र सिंह और पूर्व सांसद अजय कुमार मौजूद थे।
राहत शिविरों में प्रभावित से मिलने के बाद श्री गांधी राज्यपाल अनुसुईया उइके से भी मुलाकात की। श्री गांधी ने राहत शिविर में प्रभावितों से जो चर्चा की उसके बारे में राज्यपाल अनुसुईया उइके को अवगत कराया है। श्री गांधी ने मणिपुर में शांति बनाए रखने की अपील भी की।

# इस्तीफा नहीं देंगे मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह

» सोशल मीडिया में वायरल हुआ फटा रिजाइन लेटर

**मणिपुर,30 जून 2023(ए)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा नहीं देने का निर्णय लिया है। उन्होंने खुद ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि, 'इस महत्वपूर्ण मोड़ पर मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दूंगा।' राज्य में लगभग दो महीने से जारी जातीय हिंसा से निपटने को लेकर हो रही आलोचना से घिरे मुख्यमंत्री बिरेन सिंह को लेकर अटकलें तेज थी कि वह आज इस्तीफा दे सकते हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर फटा रिजाइन लेटर भी वायरल हो रहा है।
मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह 20 विधायकों के साथ राज्यपाल से मिलने जा रहे थे, लेकिन उनके घर के बाहर बड़ी संख्या में लोग जमा थे, जिन्होंने काफी हंगामा किया और उन्हें वहीं रोक लिया। लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए बीरेन सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया। इतना ही नहीं भीड़ ने उनका इस्तीफा भी फाड़ दिया, जिसकी फोटो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी मणिपुर दौरे पर पहुंचे हुए हैं। उन्होंने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात करने के बाद हिंसाग्रस्त राज्य में शांति के लिए समाज के सभी वर्गों से शुक्रवार को अपील की और कहा कि हिंसा कोई समाधान नहीं है। उन्होंने मणिपुर की घटनाओं को एक त्रासदी बताया जो राज्य और देश के लिए ''दर्दनाक है। गांधी ने राजभवन के बाहर पत्रकारों से कहा, ''शांति के लिए जो भी जरूरी होगा, मैं उसके लिए तैयार हूं।
मैं सभी लोगों से शांति कायम करने की अपील करता हूं क्योंकि हिंसा से कभी कोई हल नहीं निकल सकता। उन्होंने कहा, ''शांति ही आगे बढ़ने का रास्ता है और हर किसी को अब शांति के बारे में बात करनी चाहिए और उसकी ओर बढ़ना शुरू करना चाहिए। इस राज्य में शांति का माहौल कायम करने के लिए मैं हर संभव मदद करूंगा।÷




# कर्नाटक हाईकोर्ट ने ट्विटर पर लगाया 50 लाख का जुर्माना

**बेंगलुरु ,30 जून 2023(ए)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने ट्विटर इंक द्वारा दायर उस याचिका को आज खारिज कर दिया जिसमें कंपनी ने सामग्री हटाने और ब्लॉक करने संबंधी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के आदेश को चुनौती दी थी। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि कंपनी की याचिका का कोई आधार नहीं है।
न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की एकल पीठ ने ट्विटर कंपनी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और इसे 45 दिनों के भीतर कर्नाटक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कराने का आदेश दिया। अदालत ने फैसले के मुख्य हिस्से को पढ़ते हुए कहा उपरोक्त परिस्थितियों में यह याचिका आधार रहित होने के कारण अनुकरणीय जुर्माने के साथ खारिज की जा सकती है और तदनुसार ऐसा किया जाता है।याचिकाकर्ता पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाता है जो 45 दिनों के अंदर कर्नाटक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बेंगलुरु को देय है। यदि इसमें देरी की जाती है, तो इस पर प्रति दिन 5,000 रुपये का अतिरिक्त शुल्क लगेगा। न्यायाधीश ने ट्विटर की याचिका खारिज करते हुए कहा मैं केंद्र की इस दलील से सहमत हूं कि उनके पास ट्वीट को ब्लॉक करने और एकाउंट पर रोक लगाने की शक्ति है।

# नोटों के साथ परिजनों की सेल्फी वायरल होने पर पुलिस अधिकारी की जांच

**उन्नाव ,30 जून 2023(ए)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक पुलिस अधिकारी के परिवार द्वारा नोटों के बंडलों के साथ ली गई सेल्फी पर हंगामा मच गया और उनका स्थानांतरण कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चों द्वारा ली गई सेल्फी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उनके खिलाफ जांच शुरू की गई है। इसमें वे 500 रुपये के नोटों के बंडलों के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं।
यह तस्वीर अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें पुलिस अधिकारी की पत्नी और दो बच्चे 14 लाख रुपये की नकदी के ढेर के साथ एक बिस्तर पर बैठे हुए हैं। जैसे ही नोटों के बंडलों के साथ अधिकारी की फोटो वायरल हुई, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने तुरंत मामले की जांच के आदेश दिए।
थाना प्रभारी रहे रमेश चंद्र सहनी का तबादला पुलिस लाइन कर दिया गया है.
हालांकि, साहनी ने अपना बचाव किया है और कहा है कि तस्वीर 14 नवंबर, 2021 को ली गई थी, जब उन्होंने एक पारिवारिक संपत्ति बेची थी।



घटना की जानकारी देते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'एक स्टेशन हाउस ऑफिसर की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें पुलिसकर्मी की पत्नी और उसके बच्चों को नोटों के बंडलों के साथ दिखाया गया है। हमने मामले का संज्ञान लिया है और पुलिसकर्मी को पुलिस लाइन में स्थानांतरित कर दिया गया है। जांच शुरू कर दी गई है।

# दिल्ली कैबिनेट में मंत्री आतिशी के पास अब 12 विभागों की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,30 जून 2023(ए)।** दिल्ली के मंत्रिमंडल में फेरबदल के प्रस्ताव को उपराज्यपाल वी के सक्सेना की मंजूरी मिलने के बाद मंत्री आतिशी को राजस्व, योजना और वित्त विभागों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी। पहले, ये तीनों विभाग मंत्री कैलाश गहलोत के पास थे। आतिशी दिल्ली मंत्रिमंडल में एकमात्र महिला सदस्य हैं। इस अतिरिक्त प्रभार के बाद अब उनके पास 12 विभागों का जिम्मा होगा, जो सभी मंत्रियों में सर्वाधिक है। एक अधिकारी ने बताया, ''दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और फाइल सरकार के पास लौट आई है।÷



मंत्रिमंडल में फेरबदल के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को विवाद पैदा हो गया था, जब सरकारी अधिकारियों ने दावा किया था कि संबंधित फाइल चार दिन से उपराज्यपाल के पास है।

# फिर सुर्खियों में आया खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल

» साथियों संग डिब्रूगढ़ जेल में शुरू की भूख हड़ताल

**असम ,30 जून 2023(ए)।** से सुर्खियों में आ गया है। अमृतपाल सिंह ने डिब्रूगढ़ जेल में उसने साथियों के साथ मिलकर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार अमृतपाल सिंह के साथ 10 लोग भूख हड़ताल पर बैठे हैं। अमृतपाल सिंह ने जेल में खराब खाना मिलने की शिकायत करते हुए भूख हड़ताल की है।
भूख हड़ताल से जेल प्रशासन में तहलका मच गया है। जेल में अमृतपाल और उसके साथियों की ओर से भूख हड़ताल करने की जानकारी अमृतपाल की पत्नी किरणदीप कौर ने दी। किरणदीप ने कहा कि अब वह भी अपने पति के साथ एकजुटता दिखाते हुए भूख हड़ताल करने वाली हैं।
किरणदीप ने बताया कि वह हर हफ्ते अपने पति से मिलने के लिए अमृतसर से डिब्रूगढ़ जेल जाती हैं। इस बार मुलाकात के दौरान पता चला कि अमृतपाल समेत सभी सिख कैदी भूख हड़ताल पर हैं। उनकी हड़ताल के पीछे एक कारण यह है कि पंजाब सरकार द्वारा उन्हें अपने-अपने परिवारों से फोन पर संपर्क करने की अनुमति नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा कि अगर फोन की सुविधा मुहैया करा दी जाए तो एक मुलाकात के लिए 20-25 हजार रुपये एक व्यक्ति को खर्च नहीं करने पड़े। उन्होंने कहा कि सबसे अहम बात यह है कि फोन की सुविधा नहीं मिलने के कारण वकीलों से भी बात नहीं हो पाती है। इस वजह से वकीलों से न तो कुछ कहा जा सकता है और न ही कुछ पूछा जा सकता है।



### उपराज्यपाल ने अमरनाथ यात्रियों के पहले जत्थे को

# हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जम्मू ,30 जून 2023(ए)।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'बम बम भोले' के जयकारों के बीच, शुक्रवार सुबह यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर हिमालय में श्री अमरनाथ गुफा तीर्थयात्रा के लिए 3,488 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 62 दिनों तक चलने वाली यह यात्रा 30 अगस्त को समाप्त होगी। सिन्हा ने वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद श्री अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई।
उन्होंने कहा, 'श्री अमरनाथ जी तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई। तीर्थयात्री पवित्र गुफा के लिए रवाना हुए।' उन्होंने कहा, 'सभी भक्तों को सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से पूर्ण यात्रा की शुभकामनाएं। बाबा अमरनाथ से सभी के लिए सुख , शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।'
इस बीच एक अधिकारी ने बताया कि 3488 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 164 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुआ। जम्मू-कश्मीर सरकार ने इस साल यात्रा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन के लिए चार लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। जम्मू के लोगों ने उम्मीद जताई है कि तीर्थयात्रियों के आने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा एवं शांति और सद्भाव का संदेश भी जाएगा।

# राज्यपाल रवि ने गिरफ्तार मंत्री सेंथिल बालाजी को बर्खास्त करने का आदेश लिया वापस

**चेन्नई ,30 जून 2023(ए)।** तमिलनाडु के राज्यपाल टी.एन.रवि ने बिना विभाग के मंत्री वी. सेंथिलबालाजी की बर्खास्तगी का आदेश वापस ले लिया और राज्य मंत्रिमंडल और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को संदेश भेजकर सूचित किया है। मीडिया रिपोर्टों में बताया है कि तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने गिरफ्तार मंत्री सेंथिलबालाजी को बर्खास्त करने के अपने पहले के आदेश को वापस ले लिया है। हालांकि, राजभवन की ओर से किसी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।
रवि ने अपना संदेश मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को भेजा है।



देर रात मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से बातचीत की। राज्यपाल ने कहा कि वह अटॉर्नी जनरल से परामर्श करेंगे और इस कदम के बारे में कानूनी राय लेंगे। सूत्रों ने बताया कि सेंथिल बालाजी को मंत्रिपरिषद से बर्खास्त करने के आदेश को राज्यपाल ने अगले संचार तक स्थगित रखा है।इससे पहले दिन में रवि ने एक अभूतपूर्व कार्रवाई करते हुए सेंथिलबालाजी को तत्काल प्रभाव से मंत्रिपरिषद से 'बर्खास्त' कर दिया था। सेंथिलबालाजी को हाल ही में कथित धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

# पंजाब सरकार का बेटियों को तोहफा

» दूसरी बच्ची के जन्म पर लाभार्थी महिला को दिए जाएंगे 6000 रुपए

**चंडीगढ़,30 जून 2023(ए)।** पंजाब सरकार द्वारा महिलाओं का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की तरफ से राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और भलाई के लिए विभिन्न स्कीमें चलाई जा रही हैं।
सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत योग्य लाभार्थी महिलाओं( दूध पिलाने वाली माताओं) को दूसरे बच्चे लड़की के जन्म के बाद 6000/- रुपए की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जायेगी। इस योजना के अंतर्गत, पहले बच्चे के जन्म के लिए 5000-/रुपए की वित्तीय सहायता गर्भवती महिलाओं और दूध पिलाने वाली माताओं को दी जाती है।
उन्होंने बताया कि लड़की के जन्म के बाद 6000/- रुपए की वित्तीय सहायता देने से बच्चियों के घट रहे जन्म समय लिंग अनुपात में सुधार होगा, जन्म से पहले लिंग चयन किये जाने वाली प्रथा को भी रोकने में सहायता मिलेगी, दूध पिलाने वाली माताओं की सेहत में सुधार होगा और बच्चे के पोषण सम्बन्धी तंदुरुस्ती में सुधार करने में मदद मिलेगी।



कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस स्कीम के अंतर्गत 6000/- रुपए का लाभ सीधा लाभार्थियों के बैंक/डाकखाने खाते में ट्रांसफर किया जायेगा। यह लाभ लेने के लिए पंजाब के सभी आंगणवाड़ी सैंटरों में आंगणवाड़ी वर्करों की तरफ से फार्म भरे जाते हैं। यह लाभ प्राप्त करने के लिए हर लाभार्थी के पास आधार कार्ड होना और आधार कार्ड का बैंक खाते के साथ लिंक होना लाज़िमी है।
मंत्री ने आगे बताया कि लाभार्थी घर बैठ कर आनलाइन पोर्टल पर अपने आप रजिस्टर्ड करके अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं। मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने अधिकारियों को आदेश दिए कि इस योजना को पारदर्शी और कुशलता पूवर्क ढंग से पूरा किया जाये।

## संपादकीय

### चौबीस का एजेंडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समान नागरिक संहिता की पुरजोर वकालत करते हुए सवाल किया है कि 'दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा?' भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संवेदनशील मुद्दा है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा अपनाई जा रही तुष्टिकरण की नीति देश के लिए 'विनाशकारी' है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के नाम पर लोगों को भड़काया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि घर-परिवार में एक सदस्य के लिए एक कानून, दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या वह परिवार चल पाएगा? फिर ऐसी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा? उन्होंने स्मरण कराया कि भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है।

यदि इस बात को ध्यान में रखकर काम किया गया होता तो आज वे लोग, जिन्हें निहित स्वार्थी लोग भड़का रहे हैं, शिक्षा और नौकरियों के मामले में पिछड़े न होते। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से दो टूक अपना मत व्यक्त किया है, उससे साफ हो गया है कि आम चुनाव 2024 में सत्ताधारी भाजपा गठबंधन इसी मुद्दे पर चुनाव मैदान में उतरेगा। वैसे भी यह भाजपा का परंपरागत मुद्दा रहा है। दरअसल, भाजपा के तीन चुनावी मुद्दे रहे हैं जिन्हें मूर्ताकार करने का संकल्प वह अपने घोषणा पत्र में करती रही है।

दो चुनावी मुद्दों-जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुचछेद 370 का खात्मा और अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करना-को वह पूरा कर चुकी है। बाकी रहा यूसीसी को लागू करना। इसे लेकर प्रधानमंत्री ने अब स्पष्ट कह दिया है। इससे लगता है कि आगामी चुनाव भाजपा वह इसी मुद्दे पर लड़ेगी। हालांकि विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन कर राजनीति करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस, जदयू, द्रमुक और एआईएमआईएम का आरोप है कि प्रधानमंत्री मोदी वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं।

कांग्रेस ने पूछा है कि यूसीसी लागू करना ही था तो नौ साल से उनकी सरकार है, पहले ही कर सकते थे। लेकिन जैसे ही चुनाव आता है, उन्हें ये सब चीजें याद आने लगती हैं। बहरहाल, इतना तय है कि भाजपा इसी मुद्दे को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी। मुस्लिमों के एक बड़े हिस्से पसमांदा, जो मुस्लिम वर्ग का 80 फीसद हैं, की कमजोर आर्थिक और शैक्षणिक दशा का जिक्र करके पीएम मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि चुनाव में भाजपा इसी वर्ग की बेहतरी के नाम पर ताल ठोकेगी।

# भारत और अमेरिका की प्रौद्योगिकी संचालित समान सहयोग के युग की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल ही में समाप्त हुई संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा इस अर्थ में ऐतिहासिक है कि इसने आने वाले वर्षों के लिए भारत को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका प्रौद्योगिकी संचालित समान सहयोग के युग में प्रवेश कर रहे हैं और यह सहयोग उस यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है, आकाश ही सीमा नहीं है।

वास्तव में, इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जिन्होंने पिछले 9 वर्षों के दौरान कई गैर-परंपरागत और नयी राह दिखाने वाले अभिनव निर्णय लिए, जिनकी वजह से भारत प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम हुआ। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका, जिसने भारत से कई वर्ष पहले अपनी अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत की थी, आज भारत को अपने भविष्य के प्रयासों में एक समान भागीदार के रूप में आमंत्रित करता है।

21 जून को वाशिंगटन स्थित विलार्ड इंटर-कॉन्टिनेंटल होटल में एक समारोह के दौरान, भारत आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वां देश बन गया। आर्टेमिस समझौता, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए सिद्धांतों के एक व्यावहारिक समूह की स्थापना करता है। यह भारत को चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों की खोज के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले आर्टेमिस कार्यक्रम में भाग लेने में सक्षम बनाता है। ध्यान देने योग्य है कि यह समझौता अंतरिक्ष क्षेत्र में, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के आयात से जुड़े प्रतिबंधों में छूट देने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे भारतीय कंपनियों को अमेरिकी बाजारों के लिए प्रणाली विकसित करने और नवाचार करने में लाभ होगा। यह अन्य वैज्ञानिक कार्यक्रमों में भारत को संयुक्त रूप से भागीदार बनने की सुविधा प्रदान करेगा, मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रमों समेत विभिन्न गतिविधियों में दीर्घकालिक सहयोग के लिए सामान्य मानकों तक पहुंच की अनुमति देगा और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, क्वांटम, अंतरिक्ष सुरक्षा आदि रणनीतिक क्षेत्रों में अमेरिका के साथ मजबूत भागीदारी की सुविधा प्रदान करेगा।

आर्टेमिस समझौता एक गैर-बाध्यकारी समझौता है, जिसके तहत कोई वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं है। इस समझौते पर 13 अक्टूबर, 2020 को आठ संस्थापक राष्ट्रों -ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्ज़मबर्ग, यूएई, यूके और संयुक्त राज्य अमेरिका ने हस्ताक्षर किए थे। इसके सदस्यों में जापान, फ्रांस, न्यूजीलैंड, यूके, कनाडा, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन जैसे पारंपरिक अमेरिकी सहयोगी देश शामिल हैं, जबकि रवांडा, नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी देश नए भागीदार हैं।

आइए, यह समझने की कोशिश करें कि आर्टेमिस समझौते में शामिल होने से भारत को क्या लाभ होगा। एक अनुमान के मुताबिक, अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए वैश्विक सरकारी खर्च पिछले साल लगभग 103 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। लगभग 62 बिलियन डॉलर के साथ, अमेरिकी सरकार ने अकेले कुल धनराशि का आधे से अधिक खर्च किया। अमेरिका के बाद चीन ने लगभग 12 बिलियन डॉलर खर्च किये, जो इस समूह का हिस्सा नहीं है। रूस 3.4 बिलियन डॉलर के वार्षिक खर्च के साथ 5वें स्थान पर है। भारत 1.93 बिलियन डॉलर के वार्षिक बजट के साथ 7वें स्थान पर है।

आइए, हम वर्ष 2022 में ऑर्बिटल लॉन्च की संख्या के आधार पर विभिन्न देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की तुलना करते हैं। पेलोडस्पेस वेबसाइट कहता है कि पिछले साल 186 ऑर्बिटल लॉन्च के प्रयास किये गए, जिनमें अमेरिका ने 76, चीन ने 62, रूस ने 21 और भारत ने 5 ऑर्बिटल लॉन्च किए। अब, हम तीसरे प्रमुख मानक - अंतरिक्ष में उपग्रहों की संख्या - की तुलना करते हैं। उपग्रहों की निगरानी करने वाली वेबसाइट, ऑर्बिटिंग नाउ के अनुसार, 4 मई 2023 तक, विभिन्न पृथ्वी कक्षाओं में 7,702 उपग्रह सक्रिय थे। अमेरिका के पास अधिकतम 2,926 सक्रिय उपग्रह हैं, इसके बाद चीन - 493, यूके - 450, रूस - 167 आते हैं, जबकि भारत 58 उपग्रहों के साथ 8वें स्थान पर है। भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम छह दशक पुराना है और इसके सात साल बाद, 1969 में इसरो की स्थापना हुई। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग इसरो की पहचान रही है तथा इसने रूस की रुस्कोस्मोस और यूरोप की ईएसए जैसी विभिन्न लॉन्च एजेंसियों के साथ सहयोग किया है। इसरो ने 34 से अधिक देशों के 385 से अधिक विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं।

2014 से पहले, इसरो कभी-कभार उपग्रह लॉन्च करता था, लेकिन पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी की शुरुआत के बाद, आज इसरो लगभग 150 निजी स्टार्टअप के साथ काम कर रहा है। सुदूर अंतरिक्ष मिशनों के लिए अरबों डॉलर की आवश्यकता होती है और इससे पूरी मानवता लाभान्वित होती है। इसलिए, यह जरूरी है कि राष्ट्र मानवता के लाभ के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करें। बिना समय गंवाए, समान विचारधारा वाले देशों को आगे आना होगा, सहयोग करना होगा और एक-दूसरे के लाभ और अनुभवों पर काम करना होगा, जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है, हमें अलग-थलग होकर काम नहीं करना चाहिए!।

अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच नए सहयोग का पहला बड़ा स्पष्ट लाभ देखने के लिए हमें शायद लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा। अगले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद व्हाइट हाउस में इसकी पुष्टि कर चुके हैं।

पीएम मोदी की मौजूदा यात्रा के दौरान भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि नासा अपने एक सुविधा केंद्र में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

दोनों पक्षों के समान, अन्य क्षेत्रों के लिए भी परस्पर लाभ में तेजी देखने को मिलेगी। अमेरिकी मेमोरी चिप कंपनी, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, इंक ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के गुजरात में एक नई चिप असेंबली और परीक्षण सुविधा इकाई के लिए 825 मिलियन डॉलर तक का निवेश करेगी, जो देश में इसकी पहली निर्माण-इकाई होगी। केंद्र सरकार और गुजरात राज्य सरकार के सहयोग से इस सुविधा केंद्र में 2.75 बिलियन डॉलर का कुल निवेश किया जाएगा।

राष्ट्रपति बाइडेन और पीएम मोदी संयुक्त भारत-अमेरिका क्वांटम सहयोग व्यवस्था की स्थापना पर भी सहमत हुए, ताकि उद्योग, शिक्षा जगत और सरकार के बीच सहयोग को सुविधाजनक बनाया जा सके तथा एक व्यापक क्वांटम सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी समझौते की दिशा में काम किया जा सके। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम प्रौद्योगिकियों के संयुक्त विकास और व्यवसायीकरण और भारत में उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) सुविधाओं को विकसित करने के क्रम में सार्वजनिक-निजी सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए; यूएस-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी एकमुश्त निधि के तहत 2 मिलियन डॉलर का अनुदान कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

राष्ट्रपति बाइडेन ने भारत को एचपीसी प्रौद्योगिकी और स्रोत कोड के अमेरिकी निर्यात में बाधाओं को कम करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस के साथ काम करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। अमेरिकी पक्ष ने भारत के उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक) के अमेरिकी एक्सेलरेटेड डेटा एनालिटिक्स और कंप्यूटिंग (एडीएसी) संस्थान के साथ सहयोग की शुरुआत के समर्थन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का वादा किया। साथ ही, अमेरिकी नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) और भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा उभरती प्रौद्योगिकियों में 35 अभिनव संयुक्त अनुसंधान सहयोग को वित्त पोषित किया जाएगा।

राष्ट्रपति बाइडेन ने एआई पर वैश्विक साझेदारी के अध्यक्ष के रूप में भारत को अमेरिकी समर्थन का आश्वासन दिया। दोनों राजनेताओं ने गूगल के अपने 10 बिलियन डॉलर के भारत डिजिटलीकरण फंड के माध्यम से शुरुआती चरण के भारतीय स्टार्टअप तथा अन्य में निवेश जारी रखने के इरादे की सराहना की।

भारत का परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) प्रोटॉन इम्प्रूवमेंट प्लान-द्वद्व एक्सेलेरेटर की लॉन्ग बेसलाइन न्यूट्रिनो फैसिलिटी के सहयोगात्मक विकास के लिए अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) की फर्मी नेशनल लेबोरेटरी को 140 मिलियन डॉलर का योगदान देगा, जो अमेरिका की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सुविधा केंद्र होगी।

स्वास्थ्य क्षेत्र में, दोनों देशों के अनुसंधान संस्थान किफायती कैंसर प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों पर सहयोग करेंगे, जिनमें एआई सक्षम निदान और पूर्वानुमान भविष्यवाणी उपकरणों का विकास और मधुमेह अनुसंधान शामिल होंगे।

भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र को गति देते हुए एयर इंडिया 34 बिलियन डॉलर में 220 बोइंग विमान खरीदेगी। भारत-अमेरिका संबंधों के सबसे अच्छे होने का सबसे स्पष्ट संकेत यह है कि जैसा पीएम मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के अपने संबोधन में उल्लेख किया था, अमेरिका आज न केवल भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है; बल्कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग, भरोसेमंद संबंध को रेखांकित करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की यात्रा के अंत में जारी संयुक्त वक्तव्य के समापन वाक्य का निष्कर्ष के तौर पर उल्लेख किया जा सकता है, हमारी (भारत और अमेरिका) महत्वाकांक्षाएं और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने की हैं...।

**डॉ. जितेंद्र सिंह**

## प्रयास जरूरी

जब मौत चुन ही रहे
तो लड़ाई क्यों?
तो क्या बनी रहेगी
स्थिति ज्यों की त्यों?
जब अनपढ़ ही रखना है
तो विद्यालय और पढ़ाई क्यों?
जब नीचे ही उतरना है
तो चढ़ाई क्यों?
चूं तक की आवाज नहीं निकालेंगे
बेजुबान प्रभावित,
उनके लिए खाना, पीना और जीना
ही मूल आवश्यकता है,
ये सोच, ये चुप्पी,
डुबाती ही आयी है,
नेस्तनाबूद होने के लिए
तैयार रहना होगा,
आकाओं के हर आदेश सहना होगा,
पढ़ाई बताती है कि
हमने सीखने जानने, तर्क करने की
भरपूर कोशिशें की है,
लड़ाई बताती है कि
हमने प्रयास किये हैं,
आंख मूंदकर उन्हें सब कुछ
नहीं दिये हैं,
प्रयास न करना लाशों की मजबूरी
हो सकती है,जीवितों की नहीं।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़ छत्तीसगढ़

## मुझे कहाँ लेखन विद्या आती

मुझे कहाँ सच लेखन विद्या आती
मैं तो बस खुद के लिए लिख जाती
खुद को मिले सुकूं लिखकर,जब मुझे
मैं खुद को पढ़ हर्षित हो मुस्कुराती।।
मुझे कहाँ सच लेखन विद्या आती।।
कलाम, बहर, गीत, ग़ज़ल के नियम
कलम और मेरे भेजे मे नहीं समाती
उमड़ पड़े मेरे भीतर जो एहसास-ए राग
मैं उसे ही लिख अपने ही, कागज़ों सुनाती।।
मुझे कहाँ सच लेखन विद्या आती।।
नियमों के जाल मे उलझ तड़पती हुई
मैं खुद को नहीं, बनाना चाहती
मेरे भीतर की दर्द-ए ज्वाला आज लिख
पहले से कम ज्वलनशील,सच पाती।।
मुझे कहाँ सच लेखन विद्या आती।।
कभी सोचती सीखूं मैं बहुत कुछ
परंतु मैं कुछ सीख भी, ना पाती
मेरे दिल पर लगे जब कभी आघात
लिख खुद को ही मैं तो, मरहम लगाती।
मुझे कहाँ सच लेखन विद्या आती।।
वक्त दर वक्त गुजरता चला जा रहा
सैलाब संग मैं कलम लिये,बही जाती
ख़त्म ना हो पाए दर्द-ए जज़्बात मेरे
मैं तो दर्द का अथाह दरिया, भी कहलाती।।
मुझे कहाँ सच लेखन विद्या आती।।
सिखाने वाले तो मुझे बहुत गुरू मिले
गुरूओं को दूर से नमन कर,आगे बढ़ जाती
सोच एक ही रखी
जितना आता, खुश उसी मे
वरना कभी मैं तो
दर्द-ए शायरा ना, बन पाती।।
मुझे कहाँ सच लेखन विद्या आती।।
मेरे कदम को नियमों से बांध दिया जाता
नियमों के बंधन से कलम मेरी लड़खड़ाती।।
मुझे चाहे कोई विद्या नहीं आती परंतु मैं
खुद के लिए खुश के लिए ही,जी जाती।
मुझे कहाँ सच लेखन विद्या आती।।
जितना आए उतना लिखो हर कोई
यही समझ मैं,आज सबको समझाती
सुकून की चाह मे निकले हम कलम लिये
नाम के लिए लिख वीना,कभी ना गुनगुनाती।।
मुझे कहाँ सच लेखन विद्या आती।।
मेरे सपनों की उड़ान में मैं कभी भी
बिल्कुल भी रोक-टोक ना चाहती।
होता अगर कहीं अनर्थ तो तुरंत लिख
जागरूकता अभियान ला समझाती।।
मुझे कहाँ सच लेखन विद्या आती।।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,महाराष्ट्र

## मानवीय जीवन का विकास ही परोपकार पर आधारित है

### दूसरों का हित ही स्वयं का हित है

मनुष्य में उत्साह से जीवन जीने की जिजीविषा होनी चाहिए। जीवन में आकस्मिक परिवर्तनशीलता और निरंतर विकास की संभावनाओं की तलाश होती रहनी चाहिए। जो मनुष्य जीवन मानव जाति एवं समाज के समग्र कल्याण के लिए जीता है वह जीवन को सार्थकता की ओर अग्रसर करता है। शास्त्रों में पुनर्जन्म की व्याख्या की गई है यदि इस जन्म अच्छा कार्य करेंगे तो अगले जन्म आपको पुनः मनुष्य की योनि प्राप्त होगी और आप फिर से मनुष्य के रूप में जन्म लेंगे, पर मेरा यह मानना है की वर्तमान जीवन ही पहला और अंतिम जीवन है।इसलिए आने वाले जन्मों की परिकल्पना में यथार्थ से दूर भागना एक मिथ्या की तरह है। वर्तमान जीवन ही यथेष्ट है और इस जीवन में ही सर्वश्रेष्ठ अवदान देकर इस जीवन को मानव जीवन के कल्याण एवं सामाजिक व्यवस्था की बेहतरी के लिए किया गया कार्य ही जीवन की सफलता होगी। व्यक्ति के जीने के अलग-अलग दृष्टिकोण और उद्देश्य हो सकते हैं अलग-अलग लक्ष्य की प्राप्ति भी मनुष्य के जीवन की अवधारणा हो सकती है, कोई आर्थिक लाभ एवं धन उपार्जन को अपने जीवन का लक्ष्य मानकर चलता है, और कोई इज्जत आबरु और सम्मान के प्रति आकर्षण में बंध कर राजनीति के उच्चतम शिखर पर पहुंचने की कामना के प्रयास में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करने के प्रयास में रहता है। कोई विज्ञान के प्रति, कोई व्यवसाय के प्रति, कोई कला के प्रति, कोई संस्कृति के प्रति जीवन जी कर लोगों से आगे निकलने का प्रयास करता है। जीवन के लक्ष्य जो भी हो पर उसमें प्रयासों की शुद्धता एवं सार्थकता सबसे ज्यादा मायने रखती है। मनुष्य को जिंदगी में उच्च मनोबल साहस संयम और तपस्या के साथ अपने जीवन के उद्देश्यों की पूर्ति का प्रयास करना चाहिए। जीवन में कार्य करने की प्रेरणा समसामयिक परिस्थितियों से जूझने की इच्छा शक्ति एवं असफलता में ना घबराने तथा प्रयास के लिए सदैव तत्पर रहने की अदम्य जिजीविषा के साथ संघर्ष में विजयी होने की कामना भी होनी चाहिए। मनुष्य के जीने की स्वच्छंद प्रवृत्ति केवल मनुष्य को आनंद एवं आम संतोष प्रदान कर सकती है पर ईश्वर के बनाए मनुष्य की परिणति सर्वथा इसके विपरीत है, मनुष्य को सदैव प्रयत्नशील होकर मानवीय संवेदनाओं को सहेज कर जगत के कल्याण के बारे में तन मन धन से प्रयास करना चाहिए तभी मनुष्य के जीने का लक्ष्य संपूर्ण रूप से प्राप्त हो सकता है।

विभिन्न चिंतकों का मानना है कि जिंदगी एक रंगमंच है और हम सब अलग-अलग किरदार की तरह उसे निभाते चले जाते हैं। पर इस किरदार को निभाने में सच्चाई ईमानदारी प्रयत्नशीलता एवं संघर्षों के प्रति साहस जिंदगी को रुचिकर बनाकर आगे बढ़ने के प्रयास को द्विगुणित करते हैं। वैसे जीवन में सफलता और असफलता दोनों ही सिक्के के दो पहलू हैं और सफलता तथा असफलता को एक ही ही उत्साह से स्वीकार करने वाला व्यक्ति सफल व्यक्तित्व का मालिक हो सकता है। जीवन में यदि लोभ,कामना,स्पृहा, लालच से यदि बचकर आगे बढ़ा जाए तो जीवन सात्विक तौर पर दार्शनिक जीवन माना जा सकता है पर ऐसे जीवन में आर्थिक तंत्र अत्यंत मजबूत हो इसकी कोई निश्चिंतता का कोई निश्चित परिणाम नहीं होता है। इसीलिए मनुष्य को सदैव आध्यात्मिक चिंतन,मनन, धर्म, संस्कृति और आर्थिक लाभ से सामंजस्य बनाकर समाज के निचले तबके के व्यक्ति के लिए समर्पित जीवन ही एक जीवन के मूल उद्देश्य का परिणाम हो सकती है। जीवन को रंगमंच की तरह जीने वाले और ऐसे नजरिया को अपनाने वाले व्यक्ति को क्षणवादी माना जा सकता है जो जीवन के प्रत्येक क्षण को पूर्णता वादी नजरिए से देखते हैं ऐसे ही लोग परिवर्तन को सबसे बड़ा सत्य मानते हैं और इनका उद्देश्य परिवर्तन ही सबसे बड़ा परिवर्तनशील कारक होता है। जीवन में आने वाला हर पल अनिश्चित होता है इसका यह कतई आशाय नहीं है कि हम अपने आप को भाग्य के भरोसे छोड़ दें और कर्म को त्याग दें। यह निश्चित तौर पर सत्य है कि कर्म और भाग्य दोनों समानांतर चलने वाली प्रक्रिया है और कर्म से भाग्य को बदला जा सकता है और अपने लक्ष्य की प्राप्ति में इन दोनों का सामंजस्य पूर्वक संतुलन बनाकर उपयोग मनुष्य के जीवन की प्राप्ति का एक साधन बन सकता है। कर्म के साथ परिणामों को बहुत महत्व दिए जाने की आवश्यकता नहीं है यदि परिणाम व्यक्ति के अनुरूप नहीं होते तो निराशा की संभावना ज्यादा बलवती होती है इन परिस्थितियों में जीवन में सदैव कर्मशील रहकर सकारात्मक सोच के साथ जीवन को निरंतर चलाएं मान गतिमान रखने का अथक तथा निरंतर प्रयास किया जाना चाहिए तब ही आप अपने जीवन के सद उद्देश्यों की प्राप्ति कर सकते हैं।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

# असम में बाढ़ : क्यों शापित है यह सूबा ?

इस बार जल-प्लावन कुछ पहले आ गया, चैत्र का महीना खत्म हुआ नहीं और पूरा राज्य जलमग्न हो गया। इस समय असम के 20 जिलों के 2246 गांव बुरी तरह बाढ़ की चपेट में हैं।



पांच लाख से अधिक लोग पीड़ित हुए हैं और 35 हजार लोग 140 राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। अभी तक दो लोगों की जान गई हैं। सड़कों, पुल, बिजली वितरण तंत्र, सरकारी इमारतों के साथ-साथ 10,782 हेक्टेयर खेतों की फसल नष्ट हो गई। कोई चार लाख 28 हजार पालतू मवेशी संकट में हैं। वैसे अभी तो यह शुरुआत है, और अगस्त तक राज्य में यहां-वहां पानी ऐसे ही विकास के नाम पर रची गई संरचनाओं को उजाड़ता रहेगा। हर साल राज्य के विकास में जो धन व्यय होता है, उससे ज्यादा नुकसान दो महीने में ब्रह्मपुत्र का कोप कर जाता है।

असम पूरी तरह से नदी घाटी पर ही बसा हुआ है। इसके कुल क्षेत्रफल 78 हजार 438 वर्ग किमी. में से 56 हजार 194 वर्ग किमी. ब्रह्मपुत्र नदी की घाटी में है और बाकी 22 हजार 244 वर्ग किमी. का हिस्सा बराक नदी की घाटी में है। राष्ट्रीय बाढ़ आयोग के मुताबिक, असम का कुल 31 हजार 500 वर्ग किमी. हिस्सा बाढ़ पीड़ित है यानी असम के क्षेत्रफल का करीब 40 फीसदी हिस्सा बाढ़ग्रस्त है। अनुमान है कि इससे सालाना कोई 200 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। राज्य में इतनी मूलभूत सुविधाएं खड़ी करने में दस साल लगते हैं जबकि हर साल औसतन इतना नुकसान हो ही जाता है यानी असम हर साल विकास की राह पर 19 साल पिछड़ता जाता है।

असम में प्राकृतिक संसाधन, मानव संसाधन और बेहतरीन भौगोलिक परिस्थितियां होने के बावजूद यहां का समुचित विकास न होने का कारण हर साल पांच महीने ब्रह्मपुत्र का रौद्र रूप होता है, जो पलक झपकते ही सरकार और समाज की साल भर की मेहनत को चाट जाता है। वैसे तो यह नद सदियों से बह रहा है। बारिश में हर साल यह पूर्वोत्तर राज्यों में गांव-खेत बरबाद करती रही है। वहां के लेगों का सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन इसी नदी के चहुंओर थिरकता है। सो, तबाही को भी वे प्रकृति की देन ही समझते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से जिस तरह सें ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है, वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ की ही परिणाम है। केंद्र हो या राज्य, सरकारों का ध्यान बाढ़ के बाद राहत कायरे और मुआवजे पर रहता है। दुखद ही है कि आजादी के 75 साल बाद भी हम वहां बाढ़ नियंत्रण की कोई मुकम्मल योजना नहीं दे पाए हैं। यदि इस अवधि में राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान और बांटी गई राहत राशि को जोड़ें तो पाएंगे कि इतने धन में एक नया सुरक्षित असम खड़ा किया जा सकता था।

पिछले कुछ सालों से ब्रह्मपुत्र का प्रवाह दिनोंदिन रौद्र होने का मुख्य कारण इसके पहाड़ी मार्ग पर अंधाधुंध जंगल कटाई माना जा रहा है। ब्रह्मपुत्र का प्रवाह क्षेत्र उत्तुंग पहाड़ियों वाला है, वहां कभी घने जंगल हुआ करते थे। उस क्षेत्र में बारिश भी जम कर होती है। बारिश की मोटी-मोटी बूंदें पहले पेड़ों पर गिर कर जमीन से मिलती थीं लेकिन जब पेड़ कम हुए तो ये बूंदें सीधी जमीन से टकराने लगीं। इससे जमीन की टाप सॉयल उधड़ कर पानी के साथ बह रही है। फलस्वरूप नदी के बहाव में अधिक मिट्टी जा रही है। इससे नदी उथली हो गई है, और थोड़ा पानी आने पर ही इसकी जल धारा बिखर कर बस्तियों की राह पकड़ लेती है। असम में हर साल तबाही मचाने वाला ब्रह्मपुत्र और बराक नदियां, उनकी कोई 48 सहायक नदियां और उनसे जुड़ी असंख्य सरिताओं पर सिंचाई और बिजली उत्पादन परियोजनाओं के अलावा इनके जल प्रवाह को आबादी में घुसने से रोकने की योजनाएं बनाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। असम की अर्थव्यवस्था का मूल आधार खेती-किसानी है, और बाढ़ का पानी हर साल लाखों हेक्टेयर में खड़ी फसल को नष्ट कर देता है। ऐसे में किसान कभी भी कर्ज से उबर ही नहीं पाता। एक और बात यह है कि ब्रह्मपुत्र नदी के प्रवाह का अनुमान लगाना बेहद कठिन है। इसकी धारा की दिशा कहीं भी, कभी भी बदल जाती है। इससे जमीनों का कटाव, उपजाऊ जमीन का नुकसान होता रहता है। यह क्षेत्र भूकंपग्रस्त है और समय-समय पर यहां हल्के-फुल्के झटके आते रहते हैं.जमीन खिसकने की घटनाएं भी खेती-किसानी पर असर डालती हैं। इस क्षेत्र की मुख्य फसलें धान, जूट, सरसों, दालें और गन्ना हैं। धान और जूट की खेती का समय ठीक बाढ़ के दिनों का ही होता है। धान की खेती का 92 प्रतिशत आहू, साली बाओ और बोडो किस्म की धान का है, और इनका बड़ा हिस्सा हर साल बाढ़ में धुल जाता है।

राज्य में नदी पर बनाए गए अधिकांश तटबंध और बांध 60 के दशक में बने थे। अब वे बढ़ते पानी को रोक पाने में असमर्थ हैं। उनमें गाद भी जम गई है, जिसकी नियमित सफाई की व्यवस्था नहीं है। पिछले साल पहली बारिश के दवाब में 50 से अधिक स्थानों पर ये बांध टूटे थे। इस साल पहले ही महीने में 27 जगहों पर मेढ़ टूटने से जलनिधि के गांव में फैलने की खबर है। वैसे मेढ़ टूटने की कई घटनाओं में खुद गांव वाले ही शामिल होते हैं। मिट्टी के कारण उथले हो गए बांध में जब पानी लबालब भर कर चटकने की कगार पर पहुंचता है, तो गांव वाले अपना घर-बार बचाने के लिए मेढ़ तोड़ देते हैं। उनका गांव तो थोड़ा-सा बच जाता है पर करीबी बस्तियां जलमग्न हो जाती हैं। बराक नदी गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना नदी पणाली की दूसरे नंबर की सबसे बड़ी नदी है। इसमें उत्तर-पूर्वी भारत के कई सौ पहाड़ी नाले आकर मिलते हैं, जो इसमें पानी की मात्रा और उसका वेग बढ़ा देते हैं। वैसे इस नदी के मार्ग पर बाढ़ से बचने के लिए कई तटबंध, बांध आदि बनाए गए हैं, और ये तरीके कम बाढ़ में कारगर भी रहे हैं। ब्रह्मपुत्र घाटी में तट-कटाव और बाढ़ प्रबंध के उपायों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के लिए दिसम्बर, 1981 में ब्रह्मपुत्र बोर्ड की स्थापना की गई थी। बोर्ड ने ब्रह्मपुत्र और बराक की सहायक नदियों से संबंधित योजना कई साल पहले तैयार भी कर ली थी। केंद्र सरकार के अधीन एक बाढ़ नियंतणमहकमा कई सालों से काम कर रहा है, और उसके रिकार्ड में ब्रह्मपुत्र घाटी देश के सर्वाधिक बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में से है। महकमे ने इस दिशा में अभी तक क्या कुछ किया? उससे कागज और आंकड़ों को जरूर संतुष्टि हो सकती है पर असम के आम लेगों तक तो उसका काम पहुंचा नहीं है। असम को सालाना बाढ़ के प्रकोप से बचाने के लिए ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों की गाद सफाई, पुराने बांध और तटबंधों की सफाई, नये बांधों का निर्माण जरूरी है।

**पंकज चतुर्वेदी**

## एक दिन जब आप हंसे

इस कहानी में एक बहुत ही प्यारी लड़की हैं जिसका नाम रानी हैं। इस दुनिया में रानी के मम्मी -पापा, दादी या कोई भाई -बहन नहीं था । इसलिए रानी अपने दादाजी के पास रहती थी । उसके दादाजी बहुत ज्यादा रानी से प्यार करते इसलिए वो जो चाहती वो करती,और घर बहुत में बहुत सारे नौकर थे जो रानी की हर बात को हँसकर मानते थे । समय के साथ रानी बडी़ हो गई और उससे एक लड़के से प्यार हो गया। वह लड़का रानी के जैसा अमीर तो नहीं था मगर दिलों का राजा था। सभी लड़कियाँ उस लड़के पे मरती और वो रानी पे मरता। फिर क्या वह लड़का रानी के दादा जी से मिला और रानी का हाथ माँग लिया। दोनों घर के सहमति से रानी और वो लड़के के शादी हो गई। रानी उस लड़के के घर चली गई, अपने दादाजी को छोड़कर।सभी बड़े बैठकर बात करने लगे ससुराल में नई बहू आई है कुछ मीठा बनाना चाहिए । अब यह बात सुनकर रानी और उसके पति का होश उड़ गया क्योंकि रानी को कुछ बनाना नहीं आता था। उसके यहाँ तो नौकर ही खाना बनाते थे। फिर दोनों ने मिलकर जल्दी -जल्दी में मोबाइल में खीर बनाना देखा और रानी बोली - अरे! ये बड़ा आसान हैं हम बना लेगे। तभी रानी की सासु माँ आई और बोली - बेटी हलवा बना दो सबका मुँह मीठा करवाना हैं। अब रानी और उसके पति दोनों का फिर होश उड़ गया। डरते -डरते मुस्कान हलवा बनाने गई वो भी बिना मोबाइल देखे। रानी की सासु माँ ने जाते जाते कहा - अपने दिल से बनाओ हलवा अच्छा बनेगा। फिर रानी ने हवला बना लिया और सबको खाने के लिए देती गई। सबभी लोगों ने हलवा खाकर बहुत तारीफ़ की। सब नें तारीफ़ की , सुनकर रानी और रानी के पति दोनों खूब जोर -जोर से हँसने लगें। वो दिन सबसे यादगार दिन था जब हम दोनों हँसे थे??



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर बिहार

## सावन आई

चन्दा बादलों में देख नजर आई
कुछ पल धरा पे चाँदनी मुस्कुराई
किसने घटा की दीवार बनाई
सावन की जवानी धरा पे फिसल आई
बरखा की रिम झिम पड़ रही फुहार
भीग रहा है जमीं का घर छत द्वार
पुरवाई मौन हो हवा कौन बहवाई
सावन की जवानी धरा पे फिसल आई
दो अल्हड़ बादल आपस में टकराया
बिजली की कौंध से जग डर से थर्राया
बरसात की समां फिजां में शरमाई
सावन की जवानीधरा पे फिसल आई
झींगुर संग दादुर गीत आज गुनगुनाया
हवा के झौकों से सरगम जवां लहराया
ये कौन सितार की धुन हवा में लहराई
सावन की जवानी फिसल धरा आई
चलो वर्षा में तन मन को भीगा कर आयें
तन बदन को हरियाली में छुपा कर आयें
सावन ने मौसम में ली कैसी अंगड़ाई
सावन की जवानी धरा पे फिसल आई



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला बाँका बिहार

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अम्बिकापुर पहुंचे टीएस सिंहदेव का भव्य स्वागत,मां महामाया का किया दर्शन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,30 जून 2023 (घटती-घटना)।





उपमुख्यमंत्री बन पहली बार अम्बिकापुर पहुंचे स्वस्थ्यमंत्री टीएस सिंह देव का शहरवासियों ने आधी रात आतिशी स्वागत किया। हर चौक-चौराहे पर जमा समर्थकों आरती उतारी और फूल माला उसे सिंह देव को लाद दिया। देर रात रुक-रुक होती आतिशबाजी से शहर का नजारा दीवाली सा था। डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव अपने कुल देवी मां महामाया के मन्दिर में में पूजाअर्चना के लिए अम्बिकापुर आये थे। कांग्रेसियों और समर्थकों का हुजूम सरगुज़ा की सीमा पर डटा रहा। तारा बार्डर पर सरगुज़ा विकास प्राधिकरण अध्यक्ष खेल साय सिंह, सीजीएमएससी अध्यक्ष डॉ. प्रीतम राम श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष शफ़ी अहमद, रेड क्रॉस अध्यक्ष आदित्येश्वर सिंह देव, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, मेयर अजय तिर्की, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता,भवगती राजवाड़े की विन्की बाबा अगुवाई में सरगुजा और सूरजपुर के कार्यकर्ताओं में फूल माला और आरती उतार अभिनंदन किया। यहां से उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव काफिले के रूप में निकले। दो सौ से अधिक चार पहिया वाहनों के सरगुजा में प्रवेश के साथ स्वागत का सिलसिला चलता रहा। डाडग़ांव, उदयपुर,लखनपुर, बिलासपुर चौक गांधी चौक में काफिले को रोक कर उत्साहित कार्यकर्ताओ ने टीएस सिंहदेव को फूल मालाओं से लाद दिया। सिंहदेव के काफिले को उदयपुर से राजीव भवन पहुचने में करीब चार घण्टे का समय लगा। उत्साही कार्यकर्ता के आधी रात के बाद भी सडक़ों पर जमे थे, सिंह देव ने भी उनके जज्बे का सम्मान किया।जहां भी लोग स्वागत के लिए खड़े थे वहां गाड़ी से उतर कर उनसे सम्मान स्वीकार किया। सिंह देव रात 12.30 में राजीव भवन पहुंचे जहां महिलाओं ने पुष्प वर्षा और आरती उतार कर स्वागत किया सिंह देव के स्वागत के लिए राजीव भवन को दुल्हन की तरह सजाया गया था।

### जो कमियां रह गई उसे मिलकर दूर करेंगे

राजीव भवन में पत्रकारों से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि उप मुख्यमंत्री के रूप में काम करने का मौका मिला है इसके लिए कांग्रेस नेतृत्व का आभार है छत्तीसगढ़ में हम लोगों ने आम जनों से जो वादे किए हैं उनमें से काफी कुछ पूरा हुआ है जो बचा है उसके लिए सब मिलकर प्रयास करेंगे जिम्मेदारी चाहे 1 दिन की ही क्यों ना हो उसका पालन दृढ़ता और पूरी ईमानदारी के साथ करना चाहिए सरगुजा सरगुजा के लिए काफी कुछ सोच रखा था कुछ हो रहे हैं कुछ और होने हैं जिन को लेकर प्रयास किया जाएगा शहर में पेयजल सडक़ शिक्षा और खेल पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है कानून व्यवस्था की स्थिति मैं सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है उम्मीद है जल्दी ही परिणाम दिखाए देगा। पार्टिनेतृत्व ने सबको साथ लेकर चलने की मंशा व्यक्त की है, पिछली बार भी हम साथ मिलकर लड़े थे इस बार सब साथ हैं परिणाम बेहतर आएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रशासन को जनोन्मुखी होना चाहिए कभी कभी ऐसा देखने को नहीं मिलता है। प्रमुख प्रशासनिक पदों पर बैठे लोगों को चाहिए समय-समय पर जनप्रतिनिधियों से सलाह मशवरा कर जनहित में काम करें जहां ऐसा कमी दिखे उस पर कार्रवाई की जानी चाहिए।



## अभाविप के रॉनी मिश्रा बने राजीव गांधी पीजी कॉलेज के अध्यक्ष

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की अंबिकापुर राजीव गांधी पीजी कॉलेज की कार्यकारिणी घोषणा की गई। जिसमें मुख्य रूप से सरगुजा विभाग संगठन मंत्री व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दीपक गुप्ता, नगर मंत्री यशराज सिंह के उपस्थिति में संपन्न हुई। रॉनी मिश्रा अध्यक्ष,उपाध्यक्ष कैफ खान,सिद्धार्थ यादव मंत्री,नूरे आलम सहमंत्री,सूर्या दुबे, शुभम शाहू, राहुल अग्रवाल क्रीड़ा प्रमुख, लक्की सिंह एनएसएस,हिमांशु एनएसएस प्रमुख, कनीस सिंह राजपूत कला मंच प्रमुख,शुभम सिंह सहप्रमुख,सुजीत सोनी महा विद्यालय प्रमुख,प्रिंस सोनी एसएफएस प्रमुख,दीपक कुमार का नाम शामिल है।

## जून महीने में सरगुजा में 59 प्रतिशत कम हुई बारिश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

विलंब से मानसून सक्रिय होने के कारण सरगुजा जिले में जून की औसत वर्षा 243.3 मिमी की तुलना में मात्र 99.2 मिमी वर्षा हुई है। जो सामान्य औसत वर्षा से 59 प्रतिशत कम है। जो काफी चिंताजनक है। जून महीने में औसत से कम बारिश होने के कारण खेती किसानी का काम भी प्रभावित हुए हैं। जबकि बलरामपुर व कोरिया जिले में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। जबकि सरगुजा व जशपुर जिले में जून महीने में औसत से कम बारिश हुई है। वहीं सूरजपुर में जून महीने की वर्षा स्थिति संतोषजनक है।

सरगुजा में 4 से 5 दिन विलंब से मानसून सक्रिय हुआ है। उतरी छत्तीसगढ़ में 20 जून तक मानसून सक्रिय होने की उम्मीद रहती है। पर इस वर्ष 24 जून से मानसून सक्रिय हुआ है। मानसून विलंब से आने के कारण जून महीने में सरगुजा जिले में औसत वर्षा 59 प्रतिशत कम हुई है। इस वर्ष औसत वर्षा 243.3 मिमी की तुलना में मात्र 99.2 मिमी वर्षा हुई है। जिले में मानसून विलंब से आने व जून महीने में औसत से कम बारिश होने के कारण खेती किसानी पर भी इसका असर पड़ा है। खेती किसानी का काम पिछड़ चुका है। वहीं अब किसानों को जुलाई महीने में झमाझम बारिश की इंतेजार है। अगर जुलाई महीने में बारिश अच्छी हुई तो धान की असल के लिए अनुकुल रहेगा। जबकि बलरामपुर व कोरिया जिले में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। जबकि सरगुजा व जशपुर जिले में जून महीने में औसत से कम बारिश हुई है। वहीं सूरजपुर में जून महीने की वर्षा स्थिति संतोषजनक है।



| जिला | सामान्य औसत वर्षा | वास्तविक वर्षा | प्रतिशत अंतर |
|---|---|---|---|
| बलरामपुर | 173.3 | 193.4 | +26 प्रतिशत |
| जशपुर | 265.5 | 157.2 | - 41 प्रतिशत |
| कोरिया | 193.0 | 205.3 | + 6 प्रतिशत |
| सूरजपुर। | 190.4 | 178.3 | - 6 प्रतिशत |
| सरगुजा | 243.3 | 99.2 | - 59 प्रतिशत |

### जुलाई के प्रारंभ में एक्टिव मानसून की उम्मीद

मौसम वैज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार इस समय मानसून की उत्तरी सीमा राजस्थान पर केंद्रित है और अगले एक - दो दिनों में इसके आगे बढ़ते हुए पूरे राजस्थान पर प्रभावी हो जाने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। राजस्थान के शेष हिस्सों में मानसून की दस्तक के साथ ही पूरे भारत में मानसून सक्रिय हो जाएगा। पूरे भारत में मानसून की सक्रियता के साथ ही एक मानसून द्रोणिका निर्मित हो जाएगी जो पश्चिम से पूर्व तक एक लम्बी अक्ष निर्मित कर लेगी। इस मानसून द्रोणी अक्ष के विचलन के आधार पर ही आगे मानसून की गतिविधियां आश्रित होती हैं। मौसम विभाग के अनुसार मानसून के पहले प्रारम्भिक चरण की वर्षा के बाद अभी उत्तर छत्तीसगढ़ में वर्षा की गतिविधि में न्यूनता आई है। पुनः आगे जब बंगाल की खाड़ी में हलचल बढ़ेगी, कोई कम दबाव या चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय होगा तब पुनः वर्षा की संभावना बढ़ जाएगी। उम्मीद करते हैं कि जुलाई के प्रारम्भ में एक्टिव मानसून देखने को मिलेगा। फलहाल स्थानी प्रभाव से कुछ जगहों में गरज चमक और वर्षा की संभावना रहेगी।

### सरगुजा और जशपुर में स्थिति चिंताजनक

सरगुजा संभाग के अन्य जिलों की स्थिति (30 जून तक) उपरोक्त आंकड़ों के आधार पर सरगुजा संभाग के 5 जिलों में (अविभाजित कोरिया) में से बलरामपुर, कोरिया और सूरजपुर में जून में वर्षा की स्थिति संतोषजनक है जबकि जशपुर और सरगुजा में सामान्य वर्षा और वास्तविक वर्षा में उल्लेखनीय कमी दिखती है।

# मानव तस्करी पर पूर्णतःरोक लगाने में मिलेगी सफलता

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

पथ प्रदर्शक संस्था(क्राई मुंबई) द्वारा मानव तस्करी के रोकथाम हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि आईजी राम गोपाल गर्ग थे। संस्था के संस्थापक सुशील कुमार सिंह ने पुलिस द्वारा इस संस्था से जुड़े लोगों एवं गुम बालक बालिकाओं को सकुशल बरामदगी के लिए आभार व्यक्त किया। आईजी ने संस्था के संस्थापक सुनील कुमार सिंह को इस कार्यशाला को निस्वार्थ भाव से संचालित रखने के लिए धन्यवाद दिया तथा उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं ऐसे सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बहनों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने वर्तमान समय में गरीब निस्हाय लोगों को निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं तथा मानव तस्करी पर अंकुश लगाने में पूर्ण सहयोग कर रहे हैं। पथ प्रदर्शक संस्था सिर्फ संस्था के संस्थापक द्वारा नहीं चलाई जा रही है बल्कि यह संस्था पुलिस का एक अहम सहयोग प्रदान कर रही है। इस संस्था के जरिए हमें मानव तस्करी पर अंकुश लगाने तथा गुम बालक बालिकाओं को सकुशल बरामदगी में पूर्ण सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमने बालक-बालिकाओं की पतासाजी हेतु रेंज स्तर पर ऑपरेशन मुस्कान चलाकर शत प्रतिशत बरामदगी का टारगेट रेंज के पुलिस अधीक्षकों को दे रखा है। मैं उम्मीद करता हूं कि निकट भविष्य में इस अभियान के तहत हम अपने रेंज लेवल पर मानव तस्करी पर पूर्णतः रोक लगाने में सफलता हासिल करेंगे। बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु हमारे सरकार द्वारा शासन, प्रशासन स्तर पर अथक प्रयास किया जा रहा है तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त लोगों पर आए दिन पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।



### बचाव हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा अभियान

मानव तस्करी से बचने हेतु पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर अभियान चलाकर रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दिनों में पथ प्रदर्शक संस्था तथा पुलिस द्वारा इस कार्य योजना को और वृहद पैमाने पर करके मानव तस्करी को रोकने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। कार्यशाला के दौरान ग्रामीण अंचलों से आए महिलाएं, बालिकाएं एवं संस्था से जुड़े कार्यकर्ता सहित संस्था में कार्यरत लोग बड़े पैमाने पर उपस्थित रहे।

## डेंटल एसोसिएशन का शपथ ग्रहण 2 जुलाई को

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

आल इंडिया डेंटल एसोसिएशन सरगुजा संभाग शाखा अम्बिकापुर का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 2 जुलाई को सरगवां द पैलेस रिसोर्ट में आयोजित होना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीएस सिंहदेव, कैबिनेट मंत्री स्वास्थ एवं परिवार कल्याण और उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे। कार्यक्रम के विश्वविख्यात डेंटल इंप्लांट स्पेशलिस्ट डॉ. ध्रुव अरोरा दिल्ली द्वारा इंप्लांट तकनीक की सविस्तार जानकारी देकर रजिस्टर्ड डेंटल सर्जन को विधिवत डेंटल इंप्लांट की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। वहीं डेंटल एसोसिएशन सरगुजा संभाग अंबिकापुर शाखा का विधिवत शपथ ग्रहण मुख्य अतिथि टीएस सिंहदेव, ध्रुव अरोरा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. पीएस सिंह सिसोदिया द्वारा टीम के पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाई जाएगी। इस दौरान शाम को विभिन्न प्रकार के बोधिक मनोरंजन खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार, सचिव डॉ. यशवर्धन सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. ऐश्वर्या त्रिपाठी एवं समस्त टीम ने सभी डेंटल सर्जन साथियों से उपस्थित होने की अपील की है। यह जानकारी सचिव डॉ यशवर्धन सिंह चौहान ने दी।




## पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने ली प्रधान आरक्षकों की बैठक, थाना के कार्यो में इम्प्रूवमेंट लाने दिया आवश्यक निर्देश

- संवाददाता -
सूरजपुर,30 जून 2023 (घटती-घटना)।



पुलिस अधीक्षक आई कल्याण ऐलिसेला के द्वारा जिले के थाना-चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षकों की शुक्रवार को बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी प्रधान आरक्षकों को अपनी कार्यशैली में और सुधार करने, लंबित प्रकरणों की जांच में तेजी लाते हुए मामलों का जल्द निराकरण करने, अवैध कार्यो के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने, सौपें गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करने एवं कार्य में लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना के रिकार्डों का संधारण दुरुस्त रखे, असामाजिक तत्व एवं गुंडा सूची को अद्यतन करें, आमजनों के शिकायतों की जांच गंभीरतापूर्वक करने, जमीन संबंधी विवाद की सूचना पर त्वरित एक्शन लेने, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ ही बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। मामले की विवेचना तथा जांच के दौरान लिए गए कथन में विवेचक का नाम, पद स्पष्ट उल्लेख करने, छोटी-छोटी घटना पर नजर बनाए रखने, ऑपरेशन ईगल के तहत अधिक से अधिक स्थाई वारंटों की तामीली किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने प्रधान आरक्षकों को कहा कि आप विभाग के महत्वपूर्ण अंग है इसी के अनुरूप अनुशासित एवं कर्तव्य के प्रति सतर्क होकर ड्यूटी संपादित करें तथा थाने के कार्य में और इंप्रूवमेंट लाने संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, स्टेनो अखिलेश सिंह सहित थाना-चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक मौजूद रहे।

## वन परिक्षेत्र पत्थलगांव के कैंपा योजना के तहत लेन्टना उन्मूलन कार्य में लाखों रुपए की घोटाला का आरोप

### आयुक्त सरगुजा संभाग ने दिया जांच का आदेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

मामला वन परिक्षेत्र पत्थलगांव में कैंपा योजना के तहत लेन्टना उन्मूलन कार्य में लाखों रुपए की घोटाला करने के संबंध में डी0के0 सोनी अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा दिनांक 6/6/ 2023 को एक शिकायत आवेदन आयुक्त सरगुजा संभाग अंबिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि वनमंडल अधिकारी जशपुर वनमंडल के द्वारा दिनांक 1/7/2021 को कैंपा योजना के तहत वन परिक्षेत्र पत्थलगांव में अलग-अलग कार्य यानि पीएफ 993, पीएफ 970, पीएफ 982, पीएफ 988, पीएफ 989,पीएफ 987, पीएफ 1015, पीएफ 983, पीएफ 976 एवं पीएफ 1029 में अलग-अलग हेक्टेयर में लेंटना उन्मूलन का कार्य करना था जिसके लिए कुल 39.82 लाख रुपए का आवंटन प्राप्त हुआ था।

उपरोक्त लेंटना उन्मूलन कार्य के लिए जो राशि आवंटित की गई थी उसके लिए काफी नियम शर्तों का भी पालन करना था जिसमें स्थल का निरीक्षण के उपरांत ही कार्य कराने का निर्देश था, इसके अलावा वरिष्ठ कार्यालय एवं शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार काम करना था साथ ही साथ मौके की तकनीकी आवश्यकता अनुसार उपचार, मानचित्र एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन अनुसार नियंत्रण रखते हुए कार्य किया जाना था तथा अन्य भी नियम शर्ते लागू की गई थी लेकिन उक्त नियम शर्तों को दरकिनार करते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी वनपरिक्षेत्र पत्थलगांव के द्वारा लेंटना उन्मूलन का कार्य कराए बिना पूरी की पूरी राशि का आहरण फर्जी प्रमाणक एवं पुस्तिका तैयार कर निकाल लिया गया है।

लेंटना उन्मूलन का कार्य जितने हेक्टेयर में कराने का आदेश दिया गया था उतने हेक्टेयर में लेंटना उन्मूलन का कार्य नहीं कराया गया है सिर्फ कागजों में रकबा एवं हेक्टेयर का उल्लेख कर तथा कार्यस्थल का उल्लेख कर पूरी राशि आहरण कर ली गई है क्योंकि उक्त आदेश अलग-अलग कार्यस्थल के लिए था जिसमें अलग-अलग कार्यस्थल के लिए था जिसमें अलग-अलग कम कम राशि का आवंटन आदेश प्राप्त कर लेंटना उन्मूलन कार्य करने का दस्तावेज तैयार कराया गया है जिसकी विस्तृत जांच कराने का निवेदन कमिश्नर सरगुजा से किया गया।

जिस पर कमिश्नर सरगुजा ने डी0के0 सोनी के शिकायत पर उपायुक्त सरगुजा संभाग अंबिकापुर द्वारा दिनांक 20/6/2023 को मुख्य वन संरक्षक वनवृत्त सरगुजा अंबिकापुर को पत्र लिखते हुए उल्लेखित तथ्यों की जांच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए जांच प्रतिवेदन 7 दिवस के भीतर कार्यालिय को उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है।

CMYK

## ऑस्ट्रेलिया में इच्छा मृत्यु की उम्र 14 वर्ष और नीदरलैंड में उम्र का बंधन हटाने की तैयारी

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया में ब्रेन डेड लोगों को इच्छा मृत्यु दिए जाने की न्यूनतम उम्र 14 साल करने का कानून प्रस्तावित किया जा रहा है। अभी ऐसे मामलों में 18 साल की उम्र का बंधन है।अगर यह कानून पास हो जाता है,तो इच्छा मृत्यु को लेकर दुनिया भर में यह सबसे उदार कानून होगा। जिन बच्चों का ब्रेन डेड हो गया है। उन्हें भी इच्छा मृत्यु के तहत जीवन से मुक्ति मिल सकेगी।

**सैकड़ों लोगों को मिल चुकी इच्छा मृत्यु**

ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में 2017 में कानून लागू होने के बाद,सैकड़ों लोगों को देश में इच्छा मृत्यु की अनुमति दी गई है। विक्टोरिया में ऐसे लोगों की संख्या 600 के करीब है। जिन मरीजों का मस्तिष्क काम नहीं कर रहा है। वह बिस्तर में लेटे हुए हैं। लेकिन उम्र के बंधन के कारण उन्हें इच्छा मृत्यु नहीं दी जा सकती है।

**इच्छा मृत्यु मे उम्र का बंधन नहीं**

नीदरलैंड में इच्छा मृत्यु की न्यूनतम उम्र की सीमा को खत्म किए जाने पर विचार किया जा रहा है। अभी यहां पर न्यूनतम उम्र 12 साल की निर्धारित है। नीदरलैंड में जल्द ही बच्चों को भी इच्छा मृत्यु की अनुमति देकर उन्हें लाइलाज बीमारी में असहनीय कष्ट से बचाने के लिए इच्छा मृत्यु की अनुमति दी जाएगी। ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड में इसका विरोध भी शुरू हो गया है। यहां के समाज सेवियों का कहना है, बच्चों को फैसले लेने की समझ नहीं होती है। उसे इच्छा मृत्यु का अधिकार दिया जाना कहां तक न्यायोचित होगा।

## मेक्सिको में हीट वेव से 100 से अधिक मौतें – लोग घरों में कैद होने को मजबूर

मेक्सिको सिटी । मेक्सिको में भीषण गर्मी से इस साल अभी तक कम से कम 112 लोगों की मौत हो चुकी है, जो 2022 की तुलना में तीन गुना अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो सप्ताह में गर्मी से मौत के मामले काफी बढ़ गए हैं। इस साल अभी तक गर्मी से हुई मौत के मामले 2022 की तुलना में करीब तीन गुना अधिक हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय आम तौर पर हर सप्ताह गर्मी से मौत के मामलों पर एक रिपोर्ट जारी करता है, लेकिन इस बार रिपोर्ट देर से जारी की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय से गर्मी के कारण हुई मौत के मामलों की जानकारी देने में विलंब पर किए सवालों का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला है। रिपोर्ट के अनुसार 18-24 जून में मौत के सबसे अधिक 69 मामले सामने आए। हाल के सप्ताहों में मेक्सिको के कुछ हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार तक पहुंच गया था। 11 से 17 जून के बीच देश में गर्मी से मौत के 31 मामले सामने आए। इस साल अभी लू लगने और पानी की कमी के कारण उत्तरी सीमावर्ती राज्य नुएवो लियोन में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति एंद्रेस मैनुएल लोपेज ओब्रादोर ने पिछले सप्ताह दावा किया था कि गर्मी से मौत के मामलों से जुड़ी खबरें झूठी हैं और यह उनके प्रशासन के खिलाफ मीडिया के अभियान का हिस्सा है।

## कनाडा के जंगलों में लगी आग के धुएं से 120 मिलियन अमेरिकी प्रभावित

लॉस एंजिल्स । कनाडा के जंगलों में लगी आग से निकले धुएं के कारण मध्य पश्चिम से पूर्वी तट तक एक दर्जन से अधिक अमेरिकी राज्यों में 120 मिलियन से अधिक लोग वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। कैनेडियन इंटरएजेंसी फॉरेस्ट फायर सेंटर के अनुसार कनाडा में सैकड़ों जगहों पर आग लगी हैं। इनमें से 250 से अधिक स्?थानों पर तो यह नियंत्रण से बाहर है। यूएस नेशनल वेदर सर्विस (एनडब्ल्यूएस) के अनुसार धुएं को देखते हुए न्यूयॉर्क, आयोवा, विस्कॉन्सिन, इलिनोइस, इंडियाना, मिशिगन, डेलावेयर और मैरीलैंड सहित एक दर्जन से अधिक अमेरिकी राज्यों में वायु प्रदूषण संबंधी अलर्ट जारी किया गया है। आईक्यू एयर के वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार गुरुवार सुबह तक वाशिंगटन डी.सी. शिकागो और डेट्रॉइट दुनिया में सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाले शहरों में से थे। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका की एक तिहाई से अधिक आबादी वायु गुणवत्ता अलर्ट के अधीन है, इसके कुछ ही सप्ताह बाद पूर्वोत्तर में इसी तरह की जंगल की आग का धुआं छा जाने के बाद अधिकारियों ने जनता से सुरक्षा सावधानी बरतने का आह्वान किया है। एनडब्ल्यूएस ने चेतावनी दी है कि कनाडा के जंगल की आग का कोई अंत नहीं दिख रहा है, इसलिए खराब वायु गुणवत्ता जारी रहने की संभावना है। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों को चिंता है कि धुआं यात्रा में बाधा डाल सकता है और 4 जुलाई की छुट्टियों के दौरान अमेरिकियों के लिए उड़ान में देरी और रद्दीकरण हो सकता है। कनाडा के जंगल की आग के धुएं के कारण सुदूर यूरोप तक आसमान में धुंध छाई हुई है। यूएस सीडीसी के अनुसार जंगल की आग का धुआं और राख आंखों, नाक, गले और फेफड़ों में जलन पैदा कर सकता है, इससे लोगों को खांसी या घरघराहट हो सकती है और सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। जंगल की आग के धुएं से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका घर के अंदर रहना या बाहर समय सीमित करना है। यह हृदय या फेफड़ों की बीमारी वाले लोगों के लिए अधिक नुकसानदेह है।

## ट्रंप ने बलात्कार का आरोप लगाने वाली महिला पर मुकदमा दर्ज कराया

न्यूयॉर्क । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली महिला पर जवाबी मुकदमा दायर कर दावा किया है कि शिकायकर्ता पर उनके पैसे बकाया है, इतना ही नहीं जूरी द्वारा इनकार करने के बाद भी वह उन्हें बदनाम करने के लिए बलात्कार करने का आरोप लगाती रही है। मैनहट्टन फैडरल ज्यूरी ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को स्तंभकार ई.जीन कैरल का यौन उत्पीड़न और उनकी मानहानि करने का दोषी पाया था। अदालत ने ट्रंप पर 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया था। हालांकि, अदालत ने कहा था कि कैरल यह साबित करने में विफल रहीं कि ट्रंप ने उनके साथ बलात्कार किया था। कैरल ने आरोप लगाया था कि पूर्व राष्ट्रपति ने मैनहैट्टन के एक डिपार्टमेंटल स्टोर में उनसे दुष्कर्म किया था। ट्रंप के वकील ने मुकदमा दाखिल कर कहा कि कैरोल को ट्रंप को दंडात्मक क्षतिपूर्ति का भुगतान करना चाहिए और अपने मानहानिकारक बयानों को वापस लेना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप ने अलग-अलग महिलाओं द्वारा खुद पर लगाए गए यौन उत्पीड़न और यौन दुर्व्यवहार के आरोपों को लगातार खारिज किया है। उनका दावा है कि ये आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और उनकी छवि खराब करने की साजिश हैं, ताकि वह व्हाइट हाउस की दौड़ में न शामिल हो सके।

## बढ़ते तापमान से तबाह हो जाएगी धरती, वैज्ञानिक हो रहे चिंतित

### -खगोलविदों का अनुमान, यह सब 2025 से पहले होगा घटित

लंदन। बढ़ते तापमान से दुनिया के खगोलविद चिंतित हो रहे हैं। उनका अनुमान है कि बढ़ते तापमान से धरती तबाह हो जाएगी और यह सब 2025 से पहले ही घटित हो सकता है। इसलिए दुनिया भर में बढ़ते तापमान को लेकर वैज्ञानिक व खगोलविद चिंतित हैं। कई सारी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आने वाले वर्षों में दुनिया भर का तापमान बढ़ने वाला है। ऐसे में एक और खबर ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। दरअसल, सूर्य में सोलर एक्टिविटी तेजी से बढ़ रही है। जबकि खगोलविदों को इस बात का अंदाजा बिल्कुल भी नहीं था कि ऐसा 2025 से पहले होगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस साल के अंत तक सूर्य का अधिकतम तापमान बढ़ने की उम्मीद है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के एक, एलेक्स जेम्स ने बताया कि सूर्य का तापमान समय से पहले चरम पर पहुंचने वाला है और अपेक्षा से अधिक इसका तापमान होगा। सौर ऊर्जा बढ़ने से पृथ्वी पर कई गंभी समस्याएं शुरू हो सकती हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सौर अधिकतम के दौरान, सूर्य पर चुंबकीय क्षेत्र अपने सबसे निचले स्तर पर होता है, जो पृथ्वी के लिए अच्छा नहीं है, क्योंकि चुंबकीय क्षेत्र एक ढाल के रूप में कार्य करता है जो सौर विकिरण को रोकता है और सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) को भी रोकता है। नासा के मुताबिक सनस्पॉट वे क्षेत्र हैं, जो सूर्य की सतह पर काले रंग के दिखाई देते हैं। वे काले रंग के इसलिए दिखाई देते हैं क्योंकि वे सूर्य की सतह के अन्य हिस्सों की तुलना में ठंडे हैं। सूर्य के धब्बों के पास चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं पुनर्गठित होने पर विस्फोट का कारण बनती हैं, जिससे सौर ज्वालाएं उत्पन्न होती हैं। यह अंतरिक्ष में बहुत सारा विकिरण छोड़ता है। नासा ने कहा कि विस्फोट से विकिरण निकलता है जो पृथ्वी पर हमारे रेडियो संचार में हस्तक्षेप कर सकता है।



तुर्कमेनिस्तान में लोग नये शहर की शुरुआत के अवसर पर पहुंचे। यह शहर देश के पूर्व राष्ट्रपति कुरबांगुली बरडियोमुखमदेव को समर्पित किया गया है।

## रूसी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया महान मित्र



मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस का अच्छा मित्र कहा और भारत की मेक इन इंडिया पहल की भी प्रशंसा की। मॉस्को में एजेंसी फॉर स्ट्रैटेजिक इनिशिएटिव्स (एएसआई) द्वारा आयोजित एक आर्थिक मंच से राष्ट्रपति ने कहा ?कि भारत में हमारे मित्र और हमारे बड़े मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई साल पहले मेक इन इंडिया पहल शुरू की थी। इसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर वास्तव में बड़ा प्रभाव पड़ा है। पुतिन ने पश्चिमी देशों की प्रतिबंध लगाने की नीति को रूसी कंपनियों के लिए अवसर बताया और कहा कि हमारी कंपनियों को अपने उत्पाद अधिक कुशलता से विपणन करने में इस नीति से मदद मिलती है। औद्योगिक और उत्पाद डिजाइन घरेलू व्यापार के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बनना चाहिए। मेक इन इंडिया पहल 2014 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य देश में बने उत्पादों को विकसित करने, निर्माण करने और इकट्ठा करने के लिए कंपनियों को बनाना और प्रोत्साहित करना और विनिर्माण में समर्पित निवेश को प्रोत्साहित करना था। पुतिन और मोदी की आखिरी मुलाकात सितंबर 2022 में उज्बेकिस्तान में एक क्षेत्रीय सुरक्षा ब्लॉक शिखर सम्मेलन के मौके पर हुई थी।

# फ्रांस में तीसरे दिन भी जारी हैं हिंसक प्रदर्शन

### शूटआउट पर सवाल, पेरिस में भीषण बवाल, दंगों के कहर से छावनी में तब्दील हुआ पूरा शहर

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस में पुलिस द्वारा 17 साल के एक लड़के की गोली मारकर हत्या करने के मामले में देश भर में हिंसक प्रदर्शन जारी है। अभी तक 400 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन के हवाले से बताया कि गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक विरोध प्रदर्शन में कम से कम 421 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उसमें से आधे से अधिक गिरफ्तारियां पेरिस क्षेत्र में हुईं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विरोध प्रदर्शन गुरुवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा। हिंसा रोकने में मदद के लिए विशेष पुलिस बल को बोर्डो, ल्योन, रूबैक्स, मार्सेल और लिली शहरों में तैनात किया गया। पेरिस के एक उपनगर नानटेयर में नाहेल एम. को एक पुलिस अधिकारी ने गोली मार दी थी। नाहेल ने ट्रैफिक पुलिस पर रुकने से इनकार कर दिया था और गाड़ी चला कर भागने लगा, जब पुलिस ने गोली मारी। प्राप्त फुटेज के अनुसार, जलते हुए मलबे के बीच, नैनटेयर में एक दीवार पर नाहेल के लिए बदला पेंट किया हुआ दिखाई दिया।

उपनगर में एक बैंक में भी आग लगा दी गई और लड़के की याद में आयोजित मार्च के हिंसक हो जाने के बाद पुलिस ने 15 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में कहा कि मार्सेल में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस



अधिकारियों पर बम फेंके। लिली के वीडियो में सड़कों पर आग जलती हुई और दंगा करने वाले पुलिस अधिकारियों को भागते हुए देखा गया है। क्षेत्रीय प्राधिकारी ने कहा कि लिली में अधिकारियों द्वारा प्रतिबंधित विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के बाद छह लोगों को पूछताछ के लिए ले जाया गया।

लिली में बसें और ट्रामवे रात 8 बजे के बाद बंद कर दिए गए, जबकि पेरिस के कई उपनगरों में कर्फ्यू लगा दिया गया। गुरुवार रात से ही पेरिस के कई हिस्सों में बस और ट्राम सेवाएं निलंबित कर दी गईं।

इस बीच, गृह मंत्रालय ने कहा कि उसने पेरिस में 5,000 सहित देश भर में 40,000 पुलिस अधिकारियों को तैनात करने की योजना बनाई है। फ्रांसीसी अधिकारियों ने दावा किया कि जब पहली बार दंगा भड़का तब 40 कारें जला दी गईं और झड़पों में 24 पुलिस अधिकारी घायल हो गए। नाहेल इस साल फ्रांस में ट्रैफिक रोकने के दौरान पुलिस की गोलीबारी में मारा जाने वाला दूसरा व्यक्ति है। पिछले साल इस तरह से रिकॉर्ड 13 लोगों की मौत हुई थी।

## भूल गया भारत के एहसान.. श्रीलंकाई विदेश कर रहे चीन का गुणगान

**कोलंबो (एजेंसी)।** चीनी कर्ज के तले दबा श्रीलंका डिफॉल्ट होने के बाद फिर से पटरी पर लौट रहा है। श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे गति पकड़ रही है, उसके सुर बदल रहे हैं। दरअसल श्रीलंका के डिफॉल्ट होने के दौरान भारत ने खाने पीने के सामान से लेकर अरबों डॉलर की मदद दी थी। अब श्रीलंकाई विदेश मंत्री अली साबरी चीन पहुंचे हैं। जहां उन्होंने कहा है कि भारत-चीन प्रतिस्पर्द्धा में उनका देश तटस्थ रहेगा। यह वहीं चीन है जिसके बेल्ट एंड रोड कर्ज ने श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था। अब श्रीलंका फिर से चीन के गुणगान करने लगा है।

श्रीलंकाई विदेश मंत्री ने भारत-चीन को नसीहत देकर कहा कि यह दोनों देशों और दुनिया के लिए अच?छा होगा कि वे अपने मतभेदों को कम करें। साबरी ने कहा कि भारत बनाम चीन होने पर वह किसी का पक्ष नहीं लेने वाले हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि उनका देश भारत और चीन को नुकसान पहुंचाने वाला कोई भी कदम नहीं उठाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के तनाव में कई क्षेत्रीय देशों के फंसने का खतरा है। साबरी ने चीनी मीडिया से कहा, हम चाहते हैं कि भारत और चीन एक-दूसरे से बातचीत करें तथा अपने मतभेदों को दूर करें। यह दोनों देशों और दुनिया के लिए बेहतर होगा।

गलवान घाटी में चीन की खूनी हिंसा के बाद भारत और चीन के बीच तनाव बहुत गंभीर हो गया है। दोनों देशों के 50-50 हजार सैनिक आमने-सामने हैं।

चीन को करारा जवाब देने के लिए भारत अमेरिका के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। अली साबरी ने श्रीलंकाई दूतावास में कहा, हमने चीन और भारत दोनों को ही यह साफ कह दिया है कि हम बिजनस के लिए किसी के साथ तैयार हैं लेकिन एक-दूसरे देश को नुकसान पहुंचाने वाला कदम नहीं उठाएंगे। उनका यह बयान उस समय पर आया है जब श्रीलंका चीन से कर्ज को रीस्ट्रक्चर करने के लिए गुहार लगा रहा है लेकिन ड्रैगन अभी इधर-उधर कर रहा है। श्रीलंका के कुल विदेशी कर्ज का 10 प्रतिशत चीन का है। विश्लेषकों के मुताबिक चीन की कोशिश श्रीलंका को कर्ज जाल में फंसाकर रखने की है।

विश्लेषकों के मुताबिक श्रीलंका की बदहाली के अभी एक साल भी नहीं बीते हैं और उसके सुर बदल गए हैं। अली साबरी ने चीन के विदेश मंत्री से मुलाकात की है। इस दौरान श्रीलंका ने वचन दिया है कि वह देश में बीआरआई प्रॉजेक्ट की सफलता को सुनिश्चित करेगा। साथ ही साबरी ने यह भी कहा कि श्रीलंका एक चीन नीति का पालन करता रहेगा।

## नए परिसीमन के आधार पर नहीं होंगे आम चुनाव, परिणाम अभी तक नहीं हुए अधिसूचित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि डिजिटल जनगणना के नतीजों को अभी तक पाकिस्तान में औपचारिक रूप से अधिसूचित नहीं किया गया है, इसलिए नवीनतम परिसीमन के आधार पर आगामी आम चुनाव कराना सवाल से बाहर है। डॉन ने अधिकारी के हवाले से कहा कि राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए आम चुनाव 2023 आयोग द्वारा पिछले साल 5 अगस्त को प्रकाशित निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा के अनुसार आयोजित किए जाएंगे। यह टिप्पणी 8 जुलाई को शुरू होने वाले गणना के बाद के सर्वेक्षण से पहले आई है, जिसके तहत 31 जुलाई तक काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स (सीसीआई) को एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, इस सबके बीच, विभिन्न संघीय मंत्रियों ने दावा किया है कि आगामी चुनाव नए परिसीमन अभ्यास से पहले होंगे।

## अमेरिका से भारत को उन्नत सैन्य हथियारों का हस्तांतरण पाकिस्तान की सुरक्षा के लिए खतरा

### -अमेरिका को बताया अपना डर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने भारत के साथ अपने गहरे रक्षा सहयोग पर अमेरिका को अपनी कड़ी आपत्ति जताकर पाकिस्तान की सुरक्षा हितों के लिए सीधा खतरा माना है। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने कहा कि अमेरिका को राजनयिक चैनलों के माध्यम से सूचित किया गया था कि पाकिस्तान की वैध चिंताओं को ध्यान में रखे बिना भारत को उन्नत सैन्य हथियारों का हस्तांतरण दक्षिण एशियाई क्षेत्र में रणनीतिक स्थिरता और पारंपरिक संतुलन को कमजोर कर देगा। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने अमेरिका से कहा कि भारत प्रौद्योगिकियों के अधिग्रहण से उत्साहित महसूस करेगा, इससे देश के राष्ट्रीय सुरक्षा हित खतरे में पड़ जाएंगे।

इस्लामाबाद ने वाशिंगटन को स्पष्ट किया हैं कि भारत और अमेरिका के बीच ऐसा सहयोग जो उसके हितों को नुकसान करेगा, पाकिस्तान के पास जवाबी कदम उठाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा। जनरल इलेक्ट्रिक और भारत की सरकारी स्वामित्व वाली हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड देश के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत लड़ाकू जेट इंजन भारत में बनाएगी। अमेरिका युद्ध-परीक्षणित सशस्त्र ड्रोन के उत्पादन के लिए भारत में एक इकाई स्थापित करने पर भी सहमत हुआ। दशकों तक, रूस 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत को हथियारों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बना रहा।

# कटोरा लेकर घूम रहे पाकिस्तान को आईएमएफ से मिली तीन अरब डॉलर की मदद

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जिन्होंने पिछले दिनों पेरिस जाकर मदद की गुहार लगाई थी, उनकी अपील आखिरकार काम आ गई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की ओर से पाकिस्तान के साथ एक स्टैंडबाय एग्रीमेंट किया गया है। समझौते के बाद पाकिस्तान को तीन अरब डॉलर की मदद मिलेगी। आईएमएफ के कार्यकारी अधिकारी नाथन पोर्टर की तरफ से इसकी जानकारी दी गई है। आईएमएफ ने तीन जुलाई 2019 को पाकिस्तान के लिए 21वें ऋण की मंजूरी दी थी। यह कार्यक्रम 30 जून को खत्म हो रहा था। इसके बाद पाकिस्तान पर कंगाल होने का खतरा टल गया है।

तीन अरब डॉलर वाले इस स्टाफ लेवल एग्रीमेंट स्टैंडबाय एग्रीमेंट को आईएमएफ बोर्ड की मंजूरी मिलना बाकी है। पाकिस्तान जो डिफॉल्ट होने की



कगार पर था, यह ऐलान उसके लिए बड़ी राहत लेकर आया है। देश वर्तमान में गंभीर भुगतान संतुलन संकट और गिरते विदेशी मुद्रा भंडार से जूझ रहा है। आईएमएफ के अधिकारी पोर्टर ने कहा, नया स्टैंडबाय समझौता पाकिस्तान के 2019 विस्तारित फंड सुविधा-समर्थित कार्यक्रम पर आधारित है जो जून के अंत में खत्म हो रहा है। आईएमएफ बोर्ड की एक मीटिंग जुलाई में होनी है और इसी मीटिंग में पता चलेगा कि डील को मंजूरी मिलेगी है या नहीं।

तीन अरब डॉलर की फंडिंग जो नौ महीने से ज?यादा समय की है, पाकिस?तान के लिए बड़ी राहत है। साल 2019 में 6.5 अरब डॉलर वाले कर्ज प्रोग्राम को मंजूरी मिली थी। अब इसमें से 2.5 अरब डॉलर की राशि मिलनी बाकी है। आईएमएफ अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को हाल के दिनों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इन चुनौतियों में पिछले साल विनाशकारी बाढ़ और यूक्रेन में युद्ध के बाद जरूरी खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी शामिल है। उन्होंने कहा आयात और व्यापार घाटे को कम करने के अधिकारियों के प्रयासों के बावजूद, भंडार बहुत निचले स्तर तक गिर गया। इन चुनौतियों को देखते हुए, नई व्यवस्था आने वाले समय में बहुपक्षीय और द्विपक्षीय भागीदारों से वित्तीय सहायता के लिए एक रूपरेखा प्रदान करेगी।

# कभी अमेरिका दौरे पर आतंकवाद पर चर्चा होती थी, मोदी ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए: नड्डा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की छवि में बड़ा बदलाव आया है और भारत के प्रधानमंत्री अब अमेरिकी दौरे के दौरान सीमा पार आतंकवाद के बारे में बात नहीं करते हैं, जैसा पहले के प्रधानमंत्री किया करते थे। नड्डा ने कहा, ''पहले जब भी अंतरराष्ट्रीय नेता भारत के बारे में चर्चा करते थे तो वह भारत और पाकिस्तान को एक साथ रख देते थे, लेकिन अब जब भारत की बात होती है तो कोई पाकिस्तान के बारे में बात नहीं करता।'' भरतपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने वंशवाद की राजनीति पर भी विपक्षी दलों पर हमला किया और कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां पार्टी एक परिवार है जबकि अन्य सभी दल परिवार की पार्टी बन गए हैं। भाजपा प्रमुख ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के कारण भारत की गरीबी 22 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गई है और अत्यधिक गरीबी एक फीसदी से भी कम हो गई है।

नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले जब प्रधानमंत्री अमेरिका जाते थे तो सीमा पार आतंकवाद पर चर्चा करते थे, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और अमेरिका के रिश्ते नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। भाजपा नेता ने भरतपुर जिले में अपने संबोधन में कहा, ''आज हमारे समझौते होते हैं तो अंतरिक्ष, क्रायोजेनिक इंजन, विदेशी निवेश (एफडीआई) पर समझौता है और एक दूसरे को तकनीकी सहायता देने पर भी समझौता होता है।'' उन्होंने कहा, ''आतंकवाद की बात हम नहीं करते, क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व में देश को सुरक्षित रख कर चलाने की हमने सामर्थ्य पैदा कर ली है और हम आगे बढ़ रहे है।'' उन्होंने कहा, ''2014 के पहले जब भी कोई अंतर्राष्ट्रीय नेता भारत के बारे में चर्चा करता था तो हमेशा कहता था 'इंडिया एंड पाकिस्तान' मतलब हमको दोनों को साथ रख करके ज यह लड़ने वाले दो देश हैं। यह इंडिया एडं पाकिस्तान इस तरीके से हमारे को अंतर्राष्ट्रीय में, हमारे बारे में सम्बोधन होता था।

2014 में मोदी के आने के बाद भारत की चर्चा जब होती है..पाकिस्तान गौंण हो गया है, कोई चर्चा नहीं करता और भारत से जोड़ना समाप्त हो गया।'' उन्होंने कहा, ''हमको यह ध्यान रखना चाहिए कि हम लोगों ने एक नया राजनीतिक आयाम शुरू किया। दुनिया में, देश में सारी पार्टियांज परिवार ही उनकी पार्टी बन गयी और यह भाजपा अकेली पार्टी है जहां पार्टी ही परिवार है। यह अंतर हमको समझना है बाकि सब पार्टियां परिवार की पार्टी बन गयी है, कोई बचा नहीं है।'' उन्होंने कहा '' भाजपा अकेली पार्टी है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंशवाद को चुनौती देकर रिपोर्ट कार्ड की राजनीती को खड़ा किया और जनता के लिए काम करने के लिए जुटे। वोट बैंक की राजनीती को समाप्त करके विकासवाद की राजनीति को आगे बढ़ाया है।'' उन्होंने कहा, ''जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की पार्टी फारूख अब्दुला के परिवार की पार्टी, मुफ्ती मोहम्मद की बेटी महबूबा मुफ्ती परिवार की पार्टी, पंजाब में शिरोमणि अकाली दल परिवार की पार्टी, हरियाणा में परिवार की पार्टी, 24 करोड़ लोगों का प्रदेश उत्तर प्रदेश किस से लड़ रहा है, समाजवादी पार्टी से जो परिवार की पार्टी है, बिहार में हमारी लड़ाई है आरजेडी से, कौन हैं लालू यादव, मीसा यादव, तेजस्वी यादव फलाना यादव, परिवार की पार्टी।''

नड्डा ने कहा, ''बंगाल में हम किस से लड़ रहे हैं टीएमसी ज ममता बनर्जी और उनका भतीजा अभिषेक परिवार की पार्टी, बीजू जनता दल नवीन पटनायक की पार्टी, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस भी परिवार की पार्टी, चंद्रशेखर राव परिवार की पार्टी, तमिलनाडु में डीएमके स्टालिन परिवार की पार्टी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना परिवार की पार्टी..ये सब परिवार की पार्टियां हैं।'' उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी भी अब मां बेटी, बेटा की पार्टी बन गयी है। उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत केंद्र से सर्वाधिक बजट आवंटन के बावजूद राजस्थान जल जीवन मिशन में प्रदर्शन में 29वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राजस्थान के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं और लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस राज में महिलाओं के खिलाफ अपराध में राजस्थान अग्रणी राज्य है। रैली को संबोधित करने से पहले पार्टी अध्यक्ष ने भरतपुर में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। नड्डा ने प्रदेश अध्यक्ष को पार्टी के भरतपुर कार्यालय में एक पुस्तकालय की स्थापना करने करने और भरतपुर का इतिहास उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

# बड़ी आत्मीयता से मिले टी एस सिंहदेव व कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नजीर अजहर

» कोरिया कांग्रेस जिलाध्यक्ष बड़ी आत्मीयता के साथ टी एस सिंहदेव से गले लगकर उप मुख्यमंत्री बनने की दी बधाई

» टी एस सिंहदेव के उप मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देने लोगों का लगा तांता

» कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नजीर अजहर ने भी दी गले लगकर बधाई

» टी एस सिंहदेव को महराज साहब सरगुजा लिखकर मुख्यमंत्री ने भी दी बधाई

» उप मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिलने पर टी एस सिंहदेव का कद बढ़ा यह दिखने लगा

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

राजनीति में पद का क्या महत्व होता है साथ ही राजनीतिक दल में रहते हुए सरकार में रहते हुए पद का क्या महत्व होता है यह तब देखने को मिलता है जब नेताओं को उनके कद अनुरूप पद मिलता है और उनका बढ़ा हुआ कद सामने आता है। ऐसा ही कुछ छत्तीसगढ़ की राजनीति में देखने को मिल रहा है जब कांग्रेस पार्टी को सरकार बनाए साढ़े चार साल होने के बाद बचे हुए चार माह के लिए सरगुजा महाराज साथ ही अम्बिकापुर विधायक जिनकी छत्तीसगढ़ कांग्रेस सहित प्रदेश में भी व्यापक लोकप्रियता है को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने की घोषणा हुई और घोषणा होते ही उनका कद बढ़ा हुआ नजर आया और उनसे मिलने लोगों का तांता लगने लगा।

टी एस सिंहदेव के उप मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री के सुर भी बदले नजर आए उनको लेकर और उन्होंने टी एस सिंहदेव को महराज साहब सरगुजा लिखकर सोशल मीडिया पर बधाई संदेश प्रेषित किया जिससे जाहिर हुआ की राजनीति में पद का क्या महत्व होता है। टी एस सिंहदेव उप मुख्यमंत्री बनते ही सरगुजा पहुंचे और जहां उनसे मिलने उन्हे बधाई देने वालों का तांता लगा देखा गया और अब तक जो टी एस सिंहदेव से मिलने से भी उनके करीब जाने से भी कतराते थे वह सभी नेता बधाई देने कतारबद्ध नजर आए और अपनी बारी का इंतजार भी वह करते देखे गए। टी एस सिंहदेव को बधाई देने पहुंचे लोगों ने बड़े दिनों बाद अपनी आत्मीयता प्रकट की उनके प्रति और उन्हे बधाई दी।



### कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पहुंचे बधाई देने,गले लगकर दी बधाई

बधाई देने कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नजीर अजहर भी पहुंचे और उन्होंने टी एस सिंहदेव को गले लगकर बधाई दी। नजीर अजहर ने बड़ी आत्मीयता से टी एस सिंहदेव को गले लगाया वहीं टी एस सिंहदेव ने भी जवाब में आत्मीयता से ही उन्हे गले लगाकर बधाई स्वीकार की।

### मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा,सरगुजा महराज साहब को बधाई

टी एस सिंहदेव का कद आलाकमान ने जैसे ही ऊंचा किया प्रदेश के मुख्यमंत्री भी टी एस सिंहदेव के प्रति अत्यंत आत्मीय नजर आए और आदर भाव उन्होंने प्रकट किया और उन्होंने सोशल मीडिया पर बधाई संदेश में लिखा की महराज साहब सरगुजा टी एस सिंहदेव जी को नवीन दायित्व मिलने की बधाई। राजनीति में पद और कद एक दूसरे के पूरक हैं और वही टी एस सिंहदेव के मामले में सही साबित हुआ और उन्हे अब चौतरफा सम्मान मिलना शुरू हो गया।

### आलोचना के साथ ही उपेक्षा का भाव रखने वाले भी पहुंचने लगे बधाई देने

राजनीति में कब ऊंट किस करवट बैठेगा कोई नहीं जानता और इसीलिए राजनीति में असंभव कुछ होता है ऐसा नहीं। माना जाता वही टी एस सिंहदेव के मामले में हुआ जो लोग टी एस सिंहदेव की आलोचना किया करते थे उनके लिए उपेक्षा का भाव रखते थे साथ ही उनसे नजरे चुराकर निकल जाया करते थे अब वह भी बधाई देने वालों की कतार में हैं और कतारबद्ध होकर बधाई देने खड़े नजर आ रहें हैं।

### टी एस सिंहदेव समर्थक रनई जमींदार योगेश शुक्ला भी पहुंचे बधाई देने

टी एस सिंहदेव को बधाई देने उनके खास समर्थक रनई जमींदार योगेश शुक्ला भी पहुंचे। योगेश शुक्ला टी एस सिंहदेव के खास समर्थकों में गिने जाते हैं वहीं उनका उनसे आत्मीय रिश्ता है यह बताया जाता है। रनई जमींदार टी एस सिंहदेव को मिली बड़ी जिम्मेदारी के लिए उन्हे बधाई देने अपने समर्थकों के साथ पहुंचे।

# संत रामपाल की प्रेरणा से हुआ दहेज मुक्त अंतर्जातीय विवाह



» संत रामपाल की प्रेरणा से हुआ दहेज मुक्त अंतर्जातीय विवाह

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

संत रामपाल के अनुयायी नशा मुक्त और दहेज मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में संत रामपाल महाराज के अनुयाई राजकुमार दास और नेहा दासी ने दहेज मुक्त विवाह (रमैणी परम्परा द्वारा ) किया। जहां लड़का और लड़की दोनों ही अच्छे पढ़े-लिखे होने के साथ-साथ बिना दहेज शादी करके समाज को एक नया संदेश देना चाहते थे। राजकुमार दास बताया वह पिछले काफी सालों से संत रामपाल जी महाराज जी का अनुयाई है और कहा की हमारे गुरुजी का आदर्श जीव हमारी जाति है मानव धर्म हमारा हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई धर्म नहीं कोई न्यारा।

उधर नेहा दासी ने भी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि आज विश्व में एकमात्र संत रामपाल महाराज ही हैं जिनके समस्त अनुयाई किसी तरह का नशा नहीं करते और जो सामाजिक कुरीतियो को जड़ से मिटाने हेतु कृत संकल्प है। और उन्होंने ने बताया कि संत रामपाल महाराज दहेज प्रथा के सख्त खिलाफ है और उनके जितने भी अनुयाई हैं ना दहेज लेते हैं ना दहेज देते हैं। दहेज प्रथा खत्म होने से बहुत सी बुराइयां अपने आप ही खत्म हो सकती हैं जैसे कन्या भ्रूण हत्या, दहेज हत्या आदि।

# क्या मध्यप्रदेश की डोला शराब दुकान की शराब से सीमावर्ती छत्तीसगढ़ के शराब प्रेमियों का गला हो रहा है तर?

» क्या छत्तीसगढ़ की मध्यप्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्रों की शराब दुकानों की बिक्री पर इसका पड़ रहा है असर?

» छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश की सीमा से लगे हुए मनेंद्रगढ़ में मध्यप्रदेश की शराब कुछ पुलिसकर्मियों के साथ सांठगांठ कर आता है:सूत्र



- रवि सिंह-
मनेंद्रगढ,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में अवैध शराब मामले में विधानसभा सत्र के दौरान दो विधायकों को आपस में ही लड़ते देखा गया था और उस दौरान यह बात भी उन्होंने ही आपसी आरोप - प्रत्यारोप के दौरान सामने आई थी की किस तरह मध्यप्रदेश की शराब छत्तीसगढ़ में शराब प्रेमियों को परोसी जा रही है और किस तरह इससे छत्तीसगढ़ की शराब दुकान की बिक्री पर भी असर पड़ रहा है।

बता दें की मध्यप्रदेश की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के नवीन जिले एमसीबी में मध्यप्रदेश की ही शराब दुकान डोला स्थित से शराब छत्तीसगढ़ के एमसीबी जिले में लाई जाती है और जो एमसीबी जिले के कई जगहों से बिल्कुल पास स्थित शराब दुकान है मध्यप्रदेश का जो छत्तीसगढ़ में ही शराब बेचकर चल रही है जो डोला की आबादी देखकर भी समझा जा सकता है। मध्यप्रदेश की सीमा से एमसीबी नवीन जिले के कई क्षेत्र बिल्कुल लगे हुए हैं उन्हीं में से एक क्षेत्र है डोला क्षेत्र जो जिला मुख्यालय से बिल्कुल करीब है या यह कहें बिल्कुल लगा हुआ है जहां की शराब जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में खपाई जा रही है जिसकी कई बार बात भी सामने आ चुकी है। मनेंद्रगढ़ जिला मुख्यालय में मध्यप्रदेश के डोला से शराब लाई और खपाई जाति है यह बात नई भी नहीं है और यह लगातार सुर्खियों में रहने वाली बात रही है बावजूद शराब आने से रोकने की बजाए शराब मामले में जिम्मेदार मौन ही नजर आते हैं जो देखा जाता रहा है। वैसे मनेंद्रगढ़ शहर साथ ही आसपास के कई क्षेत्रों के शराब प्रेमियों के लिए मध्यप्रदेश के डोला शराब दुकान से ही शराब उपलब्ध कराई जाती है जो कई ऐसे लोगों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है जो अवैध शराब परोसने का काम करते हैं और वह डोला की शराब को छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ तक लाने में अपनी भूमिका निभाते हैं। इस पूरे अवैध कारोबार में कुछ पुलिसकर्मियों की भूमिका भी संलिप्त है ऐसा भी सूत्रों का कहना है।

मनेंद्रगढ़ से बिल्कुल करीब है मध्यप्रदेश का डोला शराब दुकान। बता दें की मध्यप्रदेश की डोला शराब दुकान एमसीबी जिला मुख्यालय से बिल्कुल करीब है और यह दूरी महज इतनी है की मात्र आधे घंटे में कोई व्यक्ति छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश की डोला शराब दुकान जाकर शराब ला सकता है। मध्यप्रदेश के डोला में स्थित शराब दुकान मुख्यमार्ग पर ही स्थित है साथ ही उस दुकान की अधिकांश शराब छत्तीसगढ़ में ही खपाई जाति है इस बात की पुष्टि इससे भी होता है की डोला की आबादी ही इतनी नहीं है की वहां शराब दुकान की जरूरत हो।

### छत्तीसगढ़ की शराब दुकान की बिक्री पर मध्यप्रदेश की शराब दुकान डाल रही है असर

मनेंद्रगढ़ की शराब दुकान की बिक्री पर मध्यप्रदेश की डोला की शराब दुकान असर डाल रही है और मनेंद्रगढ़ की शराब दुकान की बिक्री कम होती जा रही है यह भी बात सामने आ रही है। मनेंद्रगढ़ में मध्यप्रदेश के डोला शराब दुकान से शराब लाकर परोसने वालों की काफी तादाद है और जो इसी काम में लगे हुए रहते हैं जिससे शहर के शराब दुकान की बिक्री पर भी असर पड़ रहा है।शहर में जैसा की बताया जाता है की कई ऐसे स्थान हैं जहां मध्यप्रदेश की डोला शराब दुकान से शराब लाकर शराब प्रेमियों को परोसा जाता है।

### कुछ पुलिसकर्मियों की भूमिका है पूरे मामले में संदिग्ध:सूत्र

सूत्रों की माने तो डोला से शराब लाने वालों को पुलिस का भय बिलकुल भी नहीं है और ऐसा इसलिए है क्योंकि कुछ पुलिसकर्मियों की भूमिका मामले में संलिप्त होने जैसी है और वह सबकुछ जानकर भी अंजान बनते हैं और इस अवैध कारोबार को संरक्षण प्रदान करते हैं।

# सेवा निवृत्त हुए एसआई लवकुमार पाण्डेय व प्रधान आरक्षक छत्रसाय को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने किया सम्मानित,सौंपा ग्रेज्युटी व पेंशन स्वीकृति के आदेश





- संवाददाता -
सूरजपुर,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस विभाग में कार्यरत् एसआई एवं प्रधान आरक्षक के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस विभाग द्वारा विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम आयोजित कर दोनों का श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। पुलिस अधीक्षक आई कल्याण ऐलिसेला ने एसआई लवकुमार पाण्डेय एवं प्रधान आरक्षक छत्रसाय के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की एवं सेवानिवृत्त हो रहे एसआई व प्रधान आरक्षक को ग्रेज्युटी एवं पेंशन स्वीकृति के आदेश भी सौंपा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एसआई लवकुमार पाण्डेय पुलिस विभाग में 41 वर्ष एवं प्रधान आरक्षक छत्रसाय ने 39 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी। अपनी सेवा के दौरान दोनों के द्वारा मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई। सेवा के दौरान अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए अच्छे कार्यो का निष्पादन किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, एसडीओपी राजेश जोशी, अमोलक सिंह, प्रकाश सोनी, पी.डी.कुजूर, एम्मानुएल लकड़ा सहित जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# भीषण आगजनी मामले में व्यापारियों पर कार्यवाही के विरोध में चेंबर ऑफ कॉमर्स ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
कोरबा,30 जून 2023 (घटती-घटना)।



कोरबा में 19 जून को हुए भीषण आगजनी में जहां व्यापारियों को करोड़ों का नुकसान हुआ वही तीन लोग मौत के मुंह में समा गए, मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए दूसरे दिन चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी व्यापारियों ने कैंडल मार्च कर श्रद्धांजलि दी थी व्यापारियों ने बताया कि विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली थी कि प्रशासन द्वारा उक्त घटना में व्यापारियों के विरुद्ध एफ आई आर किया जा रहा है जिसके विरोध में चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी व्यापारियों ने सुभाष चौक से पैदल मार्च कर कलेक्टर कोरबा के नाम ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने मांग की है कि व्यापारियों को किसी प्रकार से परेशान ना किया जाए। व्यापारियों की मांग पर कलेक्टर के द्वारा व्यापारियों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया है एवं उन्होंने व्यापारियों से भी अपील की है कि हर दुकान में अग्निशमन यंत्र जरूर लगाएं तथा बड़े कांप्लेक्स में आने जाने वाले रास्तों पर अतिक्रमण ना करें जिससे भविष्य में इस प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके।

# एसएसबी जवान का बिहार पटना में हुआ निधन,सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार









» एमसीबी जिले के नागपुर निवासी निकेश साहू का दो साल पहले हुआ था एसएसबी में चयन

» गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार,हजारो की तादाद में उपस्थित नागरिकों ने नागपुर के लाल को दी अंतिम विदाई







- संवाददाता -
एमसीबी,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

एससीबी जिले के नागपुर निवासी एसएसबी के जवान का बिहार पटना में दुखद निधन हो गया,गुरूवार को सैन्य सम्मान के साथ गांव में अंतिम संस्कार किया गया। नागपुर महुआपारा निवासी सचिव संतलाल साहू के पुत्र निकेश साहू का दो वर्ष पूर्व ही बीएसएफ में चयन हुआ था,उनकी तैनाती बिहार पटना में थी,रविवार को ड्यूटी के दौरान ही अचानक उनकी तबियत खराब हुई,जिसके बाद उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार की रात उनका निधन हो गया। निधन की सूचना सैन्य अधिकारियों ने बुधवार को ही परिजनों को दी थी, जिसके बाद सैन्य अधिकारी बल समेत जवान के शव को लेकर गृह ग्राम पहुंचे थे जिसके बाद सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### सचिव पिता ने खोया अपना लाल

बताया जाता है कि बीएसएफ जवान निकेश साहू के पिता संतलाल साहू नागपुर पंचायत में ही सचिव पद पर पदस्थ हैं उनके दो पुत्र हैं जिसमें से निकेश साहू बड़ा पुत्र था, और दो साल पहले ही उनका चयन हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा नागपुर में ही हुई। 24 वर्षीय निकेश साहू बालीबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी भी थे और काफी व्यवहार कुशल भी थे। परिजनो को पुत्र के निधन की सूचना प्राप्त हुई उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। जैसे ही जवान का शव घर पर पहुंचा वैसे ही हर किसी की आंखे नम हो गई। पिता संतलाल साहू ने अपने अविवाहित पुत्र को मुखाग्नि दी। जब तक सूरज चांद रहेगा निकेश तेरा नाम रहेगा और भारत माता की जय-जय कार के साथ मृतक जवान निकेश साहू की अंतिम यात्रा निकाली गई।

### तिरंगे में पार्थिव शव को लिपटा देखकर मचा कोहराम

गुरूवार को सुबह लगभग 11 बजे बीएसएफ के अधिकारी के नेतृत्व में लगभग 12 सदस्यों का दल जवान निकेश साहू के पार्थिव शरीर को लेकर गृहग्राम नागपुर पहंचे अपने लाल का शव तिरंगे में लिपटा देखकर परिजनो में कोहराम मच गया,परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल था। टीम से आए बीएसएफ जवानों व स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद पूरे राजकीय सम्मान के साथ मृतक जवान के पार्थिव शरीर को मुक्तिधाम तक ले जाया गया और अंतिम संस्कार किया गया। इसके पूर्व बीएसएफ व स्थानीय पुलिस के जवानों द्वारा मृतक जवान के पार्थिव शरीर को सलामी दी गई। इस दौरान बीएसएफ अधिकारियों के साथ स्थानीय विधायक गुलाब कमरो,पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले,एमसीबी कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा,पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ मिश्रा समेत जिला व पुलिस प्रशासन के तमाम अधिकारी,बड़ी संख्या में परिजन व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# आदतन गुण्डा बदमाश सोमनाथ उर्फ सोनू अग्रवाल एवं उनके साथियों को बालको पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा,30 जून 2023
(घटती-घटना)।

प्रार्थी कुशाल बघेल पिता बलराम बघेल उम्र 21 साल साकिन सुभाष ब्लाक क्वा. नं. ई-31 एस.ई.सी.एल कोरबा दिनांक 28.06.2023 को शाम में अपने दोस्त के वाहन क्रमांक सीजी 12 बीबी 5559 में बैठकर अपने दोस्त आदर्श खूंटे, दुर्गेश यादव, आर्यन कुजूर, सत्य प्रकाश कंवर के साथ काफी पॉइंट बालकोनगर घुमने गया था जो कॉफी पॉइंट में फोटो खिंचवा कर वापस घर आ रहे थे कि आदतन बदमाश सोनू अग्रवाल अपने साथियों लक्की सिंह, विशाल यादव, अजीत बेक, राहुल शांडिल्य, सोमू सेन गुप्ता, सूरज शाह एवं तीन विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालक के साथ काफी पाईट के पास रास्ते में वाहन मारुति कंपनी का स्वीप्ट डीजायर सीजी 12 ए.एस.4819 एवं बलेनो कार क्रमांक सीजी 12बीडी 6569 को बीच में हमारा रास्ता रोककर अडा दिये और हाथ में रखे पत्थर से सामने सीसा को तोड़ दिया प्रार्थी कुशाल बघेल व उनके साथी को गाडी का दरवाजा खोलकर जान से मारने की धमकी देकर खीच कर बाहर निकाल कर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने के नियत से बेल्ट, डण्डा, पत्थर, चाकू से हमला कर




मारपीट किये है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक कोरबा यू उदय किरण से तत्काल कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त कर अति. पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बालको सनत सोनवानी के नेतृत्व में बालको पुलिस टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपीयों की धर पकड़ में जुट गई। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियान 1. सोमनाथ उर्फ सोमू अग्रवाल निवासी आर.एस.एस. नगर कोरबा 2. लक्की सिंह निवासी एमपी नगर कोरबा थाना कोतवाली कोरबा 3. विशाल यादव निवासी झोपडी पारा कोरबा थाना कोतवाली कोरबा 4. अजीत बेक निवासी कृष्णा नगर कोरबा थाना कोतवाली कोरबा 5. राहुल शाडिल्य निवासी दादर खुर्द कोरबा थाना कोतवाली 6. सोनू सेन गुप्ता निवासी शिवाजी नगर कोरबा थाना कोतवाली कोरबा 7.सूरज शाह निवासी आर.एस.एस नगर कोरबा थाना सिविल लाईन कोरबा को घेराबंदी कर पकड़ा जो पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किये जो आरोपियान सोमू अग्रवाल, लक्की सिंह, विशाल यादव, अजीत बेक, राहुल शाडिल्य, सोमू सेन गुप्ता, सूरज शाह को अपराध क्रमांक - 365, धारा-341, 147, 148, 149, 307, 294, 323, 506,336,427 भादवि विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है एवं तीन विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक को बाल न्यायालय में पेश किया गया है । उक्त कार्यवही में थाना प्रभारी बालको निरीक्षक सनत सोनवानी, उपनिरीक्षक लक्ष्मण खूंटे, सउनि ओम प्रकाश परिहार, सुखलाल सिदार, नीलम केरकेटटा, मोती लाल डनसेना आरक्षक अनिल साहू, राजेन्द्र यादव, हरिश मरावी, चन्द्र प्रकाश कोर्राम, हिमांचल कंवर, शिव कुमार पैकरा, शत्रुहन बंजारे, सैनिक रामकृष्ण सोनवानी, शामिल रहे।



# माजदा को ठोकर मारते हुए घर में घुसी हाईवा

- संवाददाता -
कोरबा,30 जून 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा में वाहनों की रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा जिसकी वजह से आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं। इसी तरह के एक हादसे में तेज रफ्तार हाईवा माजदा को टक्कर मारते हुए घर में घुस गई। मामले की सूचना पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलीडुग्गू बाईपास रोड में शक्रवार की सुबह एक हाइवा अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे बृजेश साहू के माजदा गाड़ी को ठोकर मारते हुए घर में घुस गई। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए। इसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी कोरबा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने हाइवा को हटवाते हुए मार्ग शुरू करवाया । गनीमत रहीं कि घटना के दौरान मकान में लोग पीछे मौजूद थे अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी।

# विधवा महिला,उसके बेटे व ससुर की नृशंसा हत्या करने वाले आरोपी को आजीवाज कारावास

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 जून 2023
(घटती-घटना)।

डेढ़ साल पहले एकतरफा प्रेम में एक विधवा महिला, उसके बेटे व ससुर की नृशंसा हत्या करने वाले आरोपी को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 8 सितंबर 2021 की रात आरोपी चाकू लेकर उसके घर पहुंचा था। इस पर महिला ने नाराजगी जताई तो उसने चाकू से प्रहार कर दिया। विधवा व उसके 10 वर्षीय बेटे तथा अंत में उसके ससुर को उसने चाकू से ताबड़तोड़ वार करमौत के घाट उतार दिया था। गौरतलब है कि उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लैंगा निवासी मेघुराम सिरदार 50 वर्ष के बेटे भजन सिरदार की 3 वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। इसके बाद से उसकी बहू कलावती सिरदार 27 वर्ष अपने 10 वर्षीय बेटे चंद्रिका के साथ ससुराल में ही रहती थी। 8 सितंबर 2021 की आधी रात मेघुराम, कलावती व चंद्रिका की किसी ने नृशंस हत्या कर दी थी।




सुबह तीनों का शव अलग-अलग जगह में मिला था। तिहरे हत्याकांड ने इलाके समेत जिलेभर को झकझोर कर रख दिया था। तिहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने तत्कालीन एसपी अमित तुकाराम कांबले ने तत्काल टीम का गठन किया और पूछताछ शुरु की।

इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि लैंगा गांव का ही अरविंद सिरदार उर्फ बिटना पिता बसंत राम हत्या की वारदात में शामिल हो सकता है। पुलिस ने शक के आधार पर उससे पूछताछ शुरु की तो उसने पहले इस वारदात से इनकार किया, जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो वह टूट गया और तीनों की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू समेत वारदात में प्रयुक्त सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे धारा 302, 201 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण में सुनवाई पूरी होने के बाद प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल ने आरोपी अरविंद सिरदार उर्फ बिटना पिता बसंत राम को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

# किसानों ने चक्का जाम कर उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी





- संवाददाता -
लखनपुर,30 जून 2023
(घटती-घटना)।

राष्ट्रीय राजमार्ग के आला अधिकारी एवं ठेकेदार व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण कुंवरपुर जलाशय (लखनपुर) के माध्यम से किसानों को हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि के सिंचाई के लिए नहर के माध्यम से पानी दिया जाता रहा है जिससे सही समय सीमा पर धान की फसल की अच्छी पैदावार किसानों को मिलती थी ।

परंतु इस वर्ष अंबिकापुर- बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से कुंवरपुर जलाशय से बीच में पक्का नहर गुजरता है जिसका निर्माण कार्य एनएच केठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है वहीं गर्मी में यह कार्य 4 माह पूर्व ही हो जाना था चुकी रवि फसल के लिए कुंवरपुर जलाशय से पानी किसानों को नहीं दिया गया था इसके लिए भरपूर समय भी एनएच के अधिकारियों व ठेकेदारों को दिया गया था परंतु समय सीमा में नहर सहपुलिया निर्माण कार्य अधूरा है जिसे पूर्ण होने में 15 से 1 माह लगने की संभावना है किसानों को अभी तक खेतों में धान की नर्सरी तक नहीं हो पाई है और जिससे धान की फसल समय अवधि में किसानों को रोपा एवं धान की नर्सरी समय में नहीं होने से पूरी तरह से धान की फसल क्षति होने की संभावना कृषकों द्वारा व्यक्त की जा रही है ।

वही कुंवरपुर जलाशय से हजारों किसानों की हजारों हेक्टेयर भूमि सिंचित होती है ।

जिससे किसानों का आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार हुआ है परंतु सन 1965 में कुंवरपुर जलाशय का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा किया गया था तब से लेकर पिछले वर्ष तक सही समय सीमा पर किसानों को नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी मिलता था परंतु एन एच के ठेकेदार , अधिकारी व जल संसाधन विभाग के ढुलमुल रवैये के कारण सही समय सीमा के अंतर्गत नहर निर्माण नहीं होने से बरसात के समय में अधूरे नहर सहपुलिया निर्माण होने से किसानों को सही समय पर धान की खेती नहीं हो पा रहे जिससे परेशान होकर किसानों ने दिन शुक्रवार को लखनपुर तहसील में तहसीलदार गरिमा ठाकुर को सरगुजा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते मांग किया है कि एनएच के आला अधिकारियों ठेकेदार तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के ऊपर अपराध दर्ज की जाए और 10 दिवस के अंदर नहर के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए सही समय सीमा के अंतर्गत पानी उपलब्ध कराई जाए जिससे किसानों को धान की खेती करने में सहूलियत हो सके।

दिनाक 30/06/2023 से 09/07/2023 तक नाहर के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं छोड़ा जाता है तो 10 जुलाई को एनएच अंबिकापुर बिलासपुर लखनपुर में चक्का जाम कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है।

ज्ञापन देने में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता दिनेश साहू सुजीत गुप्ता हर्षवर्धन पांडे दिनेश बारी अभिमन्यु सिंह महेश्वर राजवाड़े कपूर गुप्ता उमेश गुप्ता उमाशंकर गुप्ता सहित काफी संख्या में किसान गण उपस्थित थे।

# दुर्गा मंदिर का स्वर्ण जयंती समारोह कल से
## भव्य कलश निशान यात्रा से शुरू होगा धार्मिक अनुष्ठान

### मंदिर समिति की तैयारियां अंतिम चरण पर

- संवाददाता -
सूरजपुर,30 जून 2023
(घटती-घटना)।

भैयाथान रोड पंच मंदिर मोहल्ला स्थित श्री दुर्गा मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती उत्सव के रूप में विविध धार्मिक आयोजनों के साथ भव्य आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कल एक जुलाई को श्री श्याम बाबा मंदिर से श्री दुर्गा मंदिर तक भव्य कलश निशान यात्रा के साथ आयोजन की शुरूआत होगी। दुर्गा मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों को लेकर सभी तैयारियां आयोजन समिति ने पूर्ण कर ली है। आषाढ़ नवरात्रि के शुभ अवसर पर एक से दो जुलाई तक धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें आज एक जुलाई को दोपहर 3 बजे श्री श्याम बाबा मंदिर से विशाल कलश निशान यात्रा प्रारंभ होंगी। उसके उपरांत कलश स्थापना व पंचांग पूजन स्थापना के साथ पूजा-अर्चना प्रारंभ होगी। 2 जुलाई को पूर्णाहुति हवन व महाप्रसाद भंडारे के साथ आयोजन संपन्न होगा। इस संबंध में दुर्गा मंदिर के संस्थापक स्व. इन्द्रसेन गर्ग के परिजनों ने बताया कि विगत 2 जुलाई 1973 को हरियाणा के कलानौर देवी धाम से ईंट लाकर सूरजपुर में पंच मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर का निर्माण कराया था। जिसके 50 वर्ष पूर्ण होने पर उनके परिजनों के द्वारा स्वर्ण जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें 2 जुलाई को दोपहर 1 बजे से विशाल भण्डारा और 2 बजे से महामंगल पाठ का आयोजन भी किया गया है। इसके अलावा 2 जुलाई की शाम 56 भोग महाआरती के आयोजन के साथ मा भगवती का रात्रि जागरण बाहर से आये कलाकारों के द्वारा किया जायेगा। आयोजन संबंधी विभिन्न तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है।






आयोजन में समिति के सदस्यों ने श्रद्धालु भक्तों से समस्त आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने अपील की है।

### रात्रि जागरण में झांकी होगी मुख्य आकर्षण का केन्द्र

मा भगवती के रात्रि जागरण में बाहर से आये कलाकारों के द्वारा शिव ताण्डव, मां भगवती के अनेक स्वरूप सहित विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। बाहर से आये कलकारों के द्वारा रात्रि में जागरण का भी आयोजन कर भजनोंकी अमृत वर्षा की जायेगी।

# सूरजपुर के युवक द्वारा होटल के कमरे में फांसी लगा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने 6 लोगों पर किया एफआईआर

- संवाददाता -
सूरजपुर,30 जून 2023
(घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय के एक होटल में युवक द्वारा सुसाइड नोट लिख फांसी लगा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने प्रथम दृष्टया आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने का मामला नामजद 6 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। ज्ञात हो कि शहर के युवा हंसराज अग्रवाल का होटल आदित्य के एक बंद कमरे में फांसी पर झूलता शव मिला था। पुलिस ने शव के बगल में बेड पर पिस्टल और सुसाइड नोट बरामद किया था। उक्त संबंध में



एस पी इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि इस मामले में 6 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। मामले की सूक्ष्म विवेचना जारी है। शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल 6 लोगो के खिलाफ धारा 306, 34 का मामला दर्ज कर मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला- सूरजपुर (छ.ग.)**
**(राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन)**

E-Mail ID: cmhosurajpur@gmail.com, Phone: 07775266142

क्र./6829/NHM/2023 -::सूचना::- सूरजपुर, दिनांक 28/06/2023

मोबिलिटी सपोर्ट एवं सामग्री परिवाहन हेतु चार पहिया वाहन व्यवस्था, आई.ई.सी./प्रचार-प्रसार /प्रिंटिंग एवं लांजिंग व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रण में तिथि की सूचना

----00----

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला- सूरजपुर द्वारा मोबिलिटी सपोर्ट एवं सामग्री परिवाहन हेतु चार पहिया वाहन व्यवस्था, आई.ई.सी. / प्रचार-प्रसार / प्रिंटिंग एवं लांजिंग व्यवस्था करने हेतु जिले के वेबसाईट www.surajpur.gov.in में प्रकाशित किया गया है। उक्त निविदा आमंत्रण एवं निविदा खोलने की तिथि में निम्नानुसार की जाती है।

निविदा प्रपत्र बिक्री कर अंतिम तिथि - 28/07/2023 को शायं 5:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि (रजिस्टर्ड डाक द्वारा) - 31/07/2023 को दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथि - 31/07/2023 को दोपहर 03:30 बजे से

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)**
**संभाग-अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-3895/NIT-07/2023-2024/व.ले.लि. ,दिनांक 27/06/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः- 04/07/2023 अपरान्ह 5.30 बजे
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथिः- 07/07/2023 अपरान्ह 5.30 बजे
निविदा खोलन की तिथि :- 10/07/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य हेतः-

निविदा प्रपत्र का मूल्यः- 750.00 रूपये, निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' तक तथा कार्य की अवधि निविदा क्र0 0053 एवं 0054 हेतु दिनांक 30/09/2023 निविदा क्र0 0055 हेतु दिनांक 30/06/2024 एवं निविदा क्र0 0056 हेतु दिनांक 30/11/2023 तक वर्षा ऋतु संहित निर्धारित है।

| एन.आई.टी. क्र./निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls (प्रथम आमंत्रण) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)/अमानत राशि (रू.में)/बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
| --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 |
| T0053 | कोरिया जिले के अंतर्गत सी0टी0 स्कैन मशीन हेतु जिला अस्पताल बैकुठपुर में 125 के0व्ही0ए0 डी0जी0 सेट स्थापित करने हेतु। //जमा कार्य// | 12.25-9188.00-183750.00 |
| T0054 | कोरिया जिले में जिला अस्पताल बैकुंठपुर कोरिया के सी0सी0 स्केन मशीन हेतु विद्युतीकरण कार्यहेतु । //जमा कार्य// | 8.76- 6570.00-131400.00 |
| T0055 | कोरिया जिले में ब्लाक बैकुंठपुर के अंतर्गत प्रेस क्लब बैकुण्ठपुर का विद्युतीकरण कार्य।//सिविल जमा कार्य// | 3.18-3180.00-47700.00 |
| T0056 | सरगुजा जिले के अंतर्गत सिविल कोर्ट अम्बिकापुर में एयर कंडीशनर हेतु विद्युतीकरण कार्य। | 5.31-5000.00-79650.00 |

निविदा संबंधी अन्य शर्ते विभागीय व्रेबसाईट www.cg.nic/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)

जी.नं.-02823/3



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202305020700213**

विषयः-अ-27 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
भिट्ठीकला प.ह.न. 00031 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-चन्दरमनी,महेश,पारस
अनावेदक पक्षकार-उपदेव आ0 सोनसाय झिटकू रनसाय दुहन बन्धन

**ईश्तहार**

आवेदक उपदेव आ0 स्व0 सोनसाय व अन्य, निवासी ग्राम भिट्ठीकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम भिट्ठीकला स्थित खसरा नंबर 125, 150, 151/2, 284, 285/1,286/1 446/1, 447/1, 1110/1,1111/1 कुल खसरा नंबर 10 कुल रकबा 0.984 हे0 भूमि को आवेदकगण के मध्य में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10/07/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/06/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, सरगुजा (अम्बिकापुर)



**न्यायालय तहसीलदार दरिमा, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र.202306022500012/ ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इनद्रप्रसाद व एक अन्य दोनों आ0 सुमार साय निवासी ग्राम दरिमा तहसील दरिमा जिला सरगुजा के द्वारा ग्राम दरिमा तहसील दरिमा में भू-खण्ड क्रमांक 1307/1 रकबा 5.12 एकड़ का पट्टा प्रदाय किया गया था, उक्त आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में शासकीय मद में दर्ज हो गया है आवेदक के द्वारा राजस्व अभिलेखों में हुए उक्त त्रटि को सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, न्यायालय में विचारधीन है, जो नयायालय में विचारधीन है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश दिनांक 06/07/2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया ।

सील — तहसीलदार, दरिमा,जिला-सरगुजा


CMYK

# अजीत अगारकर ने भारतीय राष्ट्रीय चयन समिति पद के लिए किया आवेदन

**नई दिल्ली, 30 जून 2023।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगारकर ने राष्ट्रीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन किया है। क्रिकबज के अनुसार, भारत के पूर्व ऑलराउंडर ने खुद इस मामले पर कुछ नहीं कहा, लेकिन मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक सदस्य ने इसकी पुष्टि की। यदि चुना जाता है, तो सभी प्रारूपों में 221 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले अगारकर (45) अध्यक्ष पद के लिए पसंदीदा हो सकते हैं।

चयन समिति के काम में अगारकर की दिलचस्पी उस दिन सामने आई जब दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई के पूर्व मुख्य चयनकर्ता से अलग होने की घोषणा की। अगारकर ने दो साल तक दिल्ली आईपीएल टीम के लिए सहायक कोच की भूमिका निभाई। फ्रेंचाइजी प्रबंधन ने क्रिकबज को बताया कि उनका अनुबंध नवीनीकृत नहीं किया गया है।



फरवरी में चेतन शर्मा के इस्तीफा देने के बाद से मुख्य चयनकर्ता का पद खाली है। आदर्श परिदृश्य में, संभावित उम्मीदवार उत्तरी क्षेत्र से होना चाहिए था क्योंकि निवर्तमान अध्यक्ष उसी क्षेत्र से था, लेकिन समझा जाता है कि जब चयन समिति की नियुक्ति की बात आती है तो बीसीसीआई संविधान किसी भी क्षेत्रीय बाध्यता से बंधा नहीं होता है। एमसीए अधिकारी ने कहा, सभी पांच चयनकर्ता एक ही क्षेत्र से हो सकते हैं। यदि अगरकर को नियुक्त किया जाता है, तो पश्चिम से दो चयनकर्ता होंगे, जिसमें चयन समिति के मौजूदा सदस्य सलिल अंकोला दूसरे होंगे। इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाले बीसीसीआई के विज्ञापन में ध्यान देने वाली बात यह है कि इस पद के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। पहले, 60 वर्ष की निर्धारित आयु सीमा थी। बीसीसीआई अधिसूचना में अब कहा गया है कि आवेदक को कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 वनडे और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आवेदक ने कम से कम पांच साल पहले खेल से संन्यास लिया हो। आयु मानदंड की कमी नए उम्मीदवारों के लिए अवसर खोलती है, जिनमें से एक दिलीप वेंगसरकर भी हैं, जो स्वयं पूर्व अध्यक्ष (2006-2008 तक) हैं। हालाँकि, इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है कि क्या उन्होंने वास्तव में आवेदन किया है। विश्व क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष में, जब तीन महीने से अधिक समय बाद घरेलू मैदान पर विश्व कप होना है, बीसीसीआई मुख्य चयनकर्ता के पद के लिए एक दूरदर्शी और हाई-प्रोफाइल उम्मीदवार की तलाश कर रहा है।

शिव सुंदर दास (पूर्व), एस शरथ (दक्षिण) और सुब्रतो बनर्जी (मध्य) के अलावा अंकोला (पश्चिम) वर्तमान चयनकर्ता हैं। आवेदन 30 जून (शुक्रवार) को बंद हो जाएंगे, जिसका मतलब है कि नए चयनकर्ता/मुख्य चयनकर्ता की घोषणा अगले सप्ताह की जा सकती है।

# पीकेएल के दसवें सीजन को लेकर वास्तव में उत्साहित हूँः पवन सहरावत

**नई दिल्ली, 30 जून 2023।** इस साल प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 का आयोजन होना है, जिसे लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। सीजन 10 को लेकर प्रशंसकों पर कबड्डी का बुखार बढ़ता जा रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग जल्द ही दसवें सीज़न के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की तारीखों की घोषणा करेगी।विशेष घोषणा से पहले, पीकेएल स्टार पवन सहरावत, जिन्होंने 105 मैचों में 987 अंक बनाए हैं, ने कहा, मैं दसवें सीज़न के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। प्रो कबड्डी लीग एक दिलचस्प यात्रा से गुजरी है और यह निश्चित रूप से यह एक शानदार दसवां सीजन का हकदार है। मैं मैट पर उतरने और सभी प्रशंसकों के साथ सीजन 10 का जश्न मनाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।



पिछले नौ वर्षों में पीकेएल के प्रभाव के बारे में सुपरस्टार रेडर नवीन, जिन्होंने 85 मैचों में 934 अंक अर्जित किए हैं, ने कहा, प्रो कबड्डी लीग ने सैकड़ों खिलाड़ियों के जीवन को बदल दिया है। आज, कबड्डी एक महत्वाकांक्षी करियर बन गया है, इसके लिए यह पीकेएल को बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं भविष्य में कई और सीज़न की प्रतीक्षा कर रहा हूं।प्रो कबड्डी लीग ने पिछले नौ सीज़न में कबड्डी के खेल को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आयोजक सीजन 10 में स्तर को और भी ऊपर उठाने की कोशिश करेंगे। खिलाड़ी इस दौरान एक बार फिर प्रशंसकों का मनोरंजन करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारी शिविर के लिए

# वेस्टइंडीज ने 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**एंटीगुआ, 30 जून 2023।** भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले तैयारी शिविर के लिए क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने शुक्रवार को यहां टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज क्रेग ब्रेथवेट की अगुवाई में 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

शिविर एंटीगुआ के सीसीजी में शुरू होगा और टीम नौ जुलाई को डोमिनिका रवाना होगी।





श्रृंखला का शुरुआती टेस्ट 12 जुलाई से डोमिनिका में होगा, जबकि दूसरा टेस्ट 20 जुलाई से त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल में होगा।

इसके बाद 27 जुलाई से तीन मैचों की वनडे सीरीज और तीन अगस्त से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला शुरू होगी।

सीडब्ल्यूआई के ट्विटर पर लिखा, सीडब्ल्यूआई पुरुष चयन पैनल ने आज कैरेबियाई टीम के खिलाफ भारत के दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत से पहले तैयारी शिविर के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

वेस्टइंडीज इस समय आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर में खेल रहा है, इसलिए शिविर में कुछ सीनियर खिलाड़ी शामिल नहीं होंगे। जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ और काइल मायर्स शिविर का हिस्सा नहीं होंगे जबकि केवम हॉज, एलिक अथनाज और जेयर मैकएलिस्टर नये चेहरे हैं।

वेस्टइंडीज की टीम नौ जुलाई तक जिम्बाब्वे में रहेगी।

टीमः क्रैग ब्रेथवेट (कप्तान), एलिक अथनाज, जर्मेन ब्लैकवुड, नक्रूमा बोनर, तेगनारायण चंद्रपॉल, रहकीम कॉर्नवाल, जोशुआ दा सिल्वा, शैनन गेब्रियल, केवम हॉज, अकीम जॉर्डन, जायर मैकएलिस्टर, किर्क मैकेंजी, मार्क्विनो माइंडली, एंडरसन फिलिप, रेमन रीफर, केमार रोच, जेडेन सील्स, जोमेल वारिकन।



# विनेश और बजरंग के विदेश में अभ्यास को टॉप्स की मंजूरी

**नयी दिल्ली,30 जून 2023।** केंद्र सरकार ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के किर्गीस्तान और हंगरी में अभ्यास को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत मंजूरी दे दी ।

बजरंग और विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पिछले कुछ महीने से चल रहे आंदोलन की अगुवाई कर रहे थे ।

दोनों ने खेल मंत्रालय की टॉप्स टीम को प्रस्ताव भेजा था जो 24 घंटे के भीतर स्वीकार कर लिया गया ।

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार बजरंग किर्गीस्तान में 36 दिन के अभ्यास शिविर में भाग लेंगे जबकि विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश किर्गीस्तान के बिश्केक में एक सप्ताह अभ्यास के बाद हंगरी में 18 दिन अभ्यास शिविर में हिस्सा लेंगी ।

विनेश के साथ उनके फिजियो अश्विनी पाटिल, अभ्यास साझेदार संगीता फोगाट और कोच सुदेश जायेंगे जबकि बजरंग के साथ कोच सुजीत मान, फिजियो अनुज गुप्ता , अभ्यास साझेदार जितेंदर और अनुकूलन विशेषज्ञ काजी हसन होंगे ।

सरकार विनेश , बजरंग, उनके अभ्यास साझेदारों और कोचों के हवाई टिकट, रहने और खाने के खर्च, शिविर के खर्च , स्थानीय परिवहन और अन्य खर्च उठायेगी । वहीं बाकी सहयोगी स्टाफ का खर्च ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट उठायेगा ।

दोनों जुलाई के पहले सप्ताह में रवाना होंगे ।

# तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने मेलबर्न स्टार्स के साथ किया तीन साल का करार

**मेलबर्न ,30 जून 2023।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने बिग बैश लीग-15 (बीबीएल) के अंत तक मेलबर्न स्टार्स के साथ तीन साल का करार किया है।मेलबर्न स्टार्स ने एक बयान में कहा, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने बीबीएल-15 के अंत तक मेलबर्न स्टार्स के साथ अनुबंध किया है।बोलैंड, जो 2021 के एशेज बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान अपने ड्रीम डेब्यू में सात रन देकर 6 विकेट लिया था।बोलैंड ने बीबीएल-03 में स्टार्स के लिए पदार्पण किया था और अब वह क्लब में वापसी कर रहे हैं, जिसमें ल्यूक राइट, ब्रैड हॉज, बॉब क्विनी, जॉन हेस्टिंग्स, डेविड हसी और लसिथ मलिंगा जैसे खिलाड़ी शामिल थे।



टेस्ट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करने से पहले इस खिलाड़ी ने हरीकेन के साथ तीन सीजन बिताए।बोलैंड ने कहा कि एमसीजी में दर्शकों की बड़ी भीड़ के सामने खेलने का अवसर ठुकराना बहुत कठिन था।बोलैंड ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं फिर से बिग बैश का हिस्सा बनने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता और एमसीजी में परिवार और दोस्तों के सामने मेलबर्न स्टार्स के साथ घर वापस आना बहुत अच्छा है। स्टार्स के पास लीग में सबसे अच्छे प्रशंसक हैं और उम्मीद है कि मैं क्लब की सफलता और पहले बीबीएल खिताबी जीत का हिस्सा हो सकता हूं।

क्लब के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने कहा, मुझे याद नहीं है कि शेन वार्न के बाद से कोई खिलाड़ी मैदान पर आया हो और उसे एमसीजी की भीड़ ने स्कॉट बोलैंड जितना प्यार दिया हो। यह उचित ही लगता है कि प्रशंसकों को उसे अगले तीन गर्मियों में एमसीजी में और मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलते हुए और अधिक देखने को मिलेगा।उन्होंने कहा, स्कॉट एक गुणवत्तापूर्ण व्यक्ति हैं, हम उनका और उनके परिवार का स्टार्स में वापस स्वागत करते हुए रोमांचित हैं और मुझे पता है कि वह क्लब में जो भी लाएंगे वह हमारे सदस्यों और प्रशंसकों को पसंद आएगा।

# मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन संस्करण के लिए की गई 11 मैच अधिकारियों की घोषणा

**डलास , 30 जून 2023।** मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ने अमेरिका की पहली पेशेवर फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग के लिए 11 मैच अधिकारियों के पैनल की घोषणा की। इस लीग की शुरूआत गुरुवार, 13 जुलाई, 2023 से हो रही है। उत्तरी टेक्सास (ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी) और उत्तरी कैरोलिना (चर्च स्ट्रीट पार्क, मॉरिसविले) में दो स्थानों पर होने वाले 19 मैचों के लिए नौ अंपायर और दो मैच रेफरी की नियुक्ति की गई है।

09 अंपायरों के समूह में तीन अंपायर वेन नाइट्स, पॉल विल्सन और रुचिरा पल्लियागुरु वर्तमान में आईसीसी अंतरराष्ट्रीय अंपायर पैनल में कार्यरत हैं। इनके अलावा चार अमेरिकी अंपायर जर्मेन लिंडो, रुशेन सैमुअल्स, विजया प्रकाश मल्लेला और बिली टेलर समूह के शेष सदस्य हैं। ओवेन ब्राउन और कॉलिन एडवर्ड्स पूरे टूर्नामेंट में चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे।लिंडो और मल्लेला दोनों वर्तमान में आईसीसी विकास अंपायरों के अंतरराष्ट्रीय पैनल में कार्यरत हैं। टेलर, जो हाल ही में अपने मूल इंग्लैंड से संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानांतरित हुए हैं, ने इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड की पूर्ण अंपायर सूची में काम किया है।मैच आधिकारिक टीम का नेतृत्व पांच बार के आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर साइमन टफेल कर रहे हैं, जो रियोन किंग के साथ मैच रेफरी के रूप में काम करेंगे, जो वर्तमान में आईसीसी मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल में कार्यरत हैं।

मेजर लीग क्रिकेट के टूर्नामेंट निदेशक जस्टिन गिले ने कहा, अंपायर दल खेल का एक महत्वपूर्ण घटक है और हमें एक अनुभवी समूह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है जिसमें दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ अधिकारी शामिल हैं। हमारी लीग घरेलू अंपायरों को वैश्विक दर्शकों द्वारा देखी जाने वाली उच्च स्तरीय प्रतियोगिता में अंपायरिंग करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। हमें वास्तव में खुशी है कि पिछले दो सत्रों में माइनर लीग क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो अंपायर भी चौथे अंपायर के कर्तव्यों का पालन करने वाली प्लेइंग कंट्रोल टीम का हिस्सा होंगे।साइमन टॉफेल ने कहा, क्रिकेट जगत इस ऐतिहासिक आयोजन को देख रहा होगा और मैं इस आयोजन में अपना अनुभव लाने और संयुक्त राज्य अमेरिका में अंपायरिंग के विकास में सहायता करने के लिए उत्सुक हूं।पहला एमएलसी मैच गुरुवार, 13 जुलाई को 7,200 दर्शकों की क्षमता वाले ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम, डलास, टेक्सास में शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# भारतीय ओलंपिक तलवारबाज भवानी देवी ने किया बेसलाइन वेंचर्स के साथ करार

**नई दिल्ली, 30 जून 2023।** बेसलाइन वेंचर्स ने भारतीय ओलंपिक तलवारबाज और 2 बार की राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता, भवानी देवी के साथ करार किया है। करार के तहत बेसलाइन वेंचर्स भवानी के सभी व्यावसायिक पहलुओं की देर-रेख करेगी।

भवानी देवी ने तलवारबाजी की दुनिया में सफलता की राह बनाई है, वह भारत की शीर्ष क्रम की तलवारबाज बन गई हैं और देश भर में उभरते एथलीटों के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

हाल ही में चीन में एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप में, भवानी ने मौजूदा विश्व नंबर 1 जापान की मिसाकी एमुरा को हराकर कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। वह 2021 में टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की पहली फ़ेंसर बनीं और उनके अटूट दृढ़ संकल्प और अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, भवानी विश्व रैंकिंग के शीर्ष 50 में प्रवेश करने वाली एकमात्र भारतीय हैं।



करार पर भवानी ने कहा, मुझे बेसलाइन वेंचर्स के साथ करार करके खुशी हो रही है, जो एथलीटों के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उनके समर्थन और मार्गदर्शन से, मुझे विश्वास है कि मैं अपने प्रदर्शन के जरिए कौशल और एक पेशेवर एथलीट के रूप में अपने लक्ष्यों और आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए नए रास्ते खोल सकती हूं।

बेसलाइन वेंचर्स के एमडी और सह-संस्थापक, तुहिन मिश्रा ने भवानी का स्वागत करते हुए कहा, हम बेसलाइन परिवार में भवानी देवी का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। भारत के शीर्ष फ़ेंसर के रूप में भवानी की उपलब्धियाँ वास्तव में उल्लेखनीय हैं, और वह दृढ़ संकल्प और दृढ़ता की भावना का प्रतीक हैं। हमें विश्वास है कि उनकी प्रतिभा, हमारी विशेषज्ञता के साथ मिलकर, रोमांचक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

चेन्नई में जन्मी और पली-बढ़ी भवानी देवी को कम उम्र में ही तलवारबाजी के प्रति अपने जुनून का पता चल गया। एक स्कूल प्रदर्शन के दौरान खेल से परिचित होने के बाद, वह तलवारबाजी की सुंदरता, सटीकता और रणनीतिक प्रकृति से मंत्रमुग्ध हो गई। विशेष रूप से, वह किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता (आइसलैंड में 2017 टूरनोई सैटेलाइट फेंसिंग चैंपियनशिप) में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय फ़ेंसर बनीं। तब से, वह महिला व्यक्तिगत सेबर अनुशासन में वैश्विक मंच पर कई पदक जीत चुकी हैं।


# डीजल के नए पोस्टर में हरीश कल्याण प्रखर और उग्र दिखे



जैसा कि तमिल अभिनेता हरीश कल्याण आगामी फिल्म डीज़ल के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में हरीश को बंदूक की तरह फ्यूल डिस्पेंसर पकड़े हुए बैठे हुए और कैमरे से दूर घूरते हुए दिखाया गया है। पोस्टर में दिलचस्प और तीव्र दिख रहे हरीश को लाल टी-शर्ट पहने अत्यधिक संवहनी अग्रबाहुओं के साथ अपनी तराशी हुई काया को दिखाते हुए देखा जा सकता है।

डीज़ल का निर्देशन शनमुगम मुथुसामी द्वारा किया गया है और इसमें अथुल्या रवि के साथ हरीश मुख्य भूमिका में हैं। पोस्टर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखाः हमारे स्टार हीरो हरीश कल्याण के लिए जश्न मनाएं! टीम डीज़ल उत्साह बढ़ा रही है क्योंकि हम उन्हें ब्लॉकबस्टर क्षणों, अधिक सफलता और अंतहीन खुशी से भरे एक शानदार जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हैं। यह फिल्म तेल माफिया के इर्द-गिर्द घूमती है और इसका बड़ा हिस्सा उत्तरी चेन्नई के विभिन्न स्थानों पर फिल्माया गया है। थर्ड आई एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, डीज़ल की सिनेमैटोग्राफी एम.एस. द्वारा की गई है। प्रभु, संगीत धीबू निनान थॉमस के साथ-साथ सैन लोकेश संपादक के रूप में कार्यरत हैं। एसपी सिनेमाज द्वारा निर्मित, तमिल एक्शन ड्रामा दिसंबर 2023 में रिलीज होने वाली है।

# बॉडीकॉन ड्रेस पहन रकुल प्रीत सिंह ने गिराईं हुस्न की बिजलियां



रकुल प्रित सिंह ने हाल ही में ब्लू कलर की बॉडी फिटेड ड्रेस में ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें उनका लुक भी फैंस को काफी लुभा रहा है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा चर्चाओं का विषय बन जाती हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसी ही खूबसूरती देखने को मिल रही है। बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपने फैशन सेंस के कारण फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस हमेशा अपने किलर अवतार से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस भरी अदाएं देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। रकुल प्रीत सिंह ने अपनी इन फोटोज में ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो ब्यूटिफुल नजर आ रही हैं। अभिनेत्री अपनी इन तस्वीरों में कातिलाना नजरों से फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन फैंस के साथ अपनी वीडियो और फोटोज शेयर करती हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

# जुलाई में अमेजन प्राइम पर प्रदर्शित होगी वरुण धवन की बवाल

पिछले काफी समय से फिल्म बवाल लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। बीते दिनों यह खबर आई कि फिल्म सिनेमाघरों में नहीं आएगी, बल्कि ओटीटी का रुख करेगी।

अब यह भी सामने आ गया है कि फिल्म कब और किस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इसी के साथ इसका नया पोस्टर भी रिलीज किया गया है।





फिल्म के हीरो वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर यह ऐलान किया है। आइए जानते हैं उन्होंने अपने पोस्ट में क्या लिखा। वरुण ने जान्हवी कपूर के साथ फिल्म का नया पोस्टर साझा कर लिखा, बदलेगा सबके दिलों का हाल क्योंकि दुनियाभर में होने वाला है बवाल। इस जुलाई बनेगा माहौल क्योंकि बवाल अमेजन प्राइम वीडियो के जरिए दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचने वाली है।

वरुण के इस पोस्ट से उत्साहित होकर एक यूजर ने लिखा, वाह! अक्टूबर से पहले ही आ रहे हैं। दूसरे ने लिखा, बस मचा दीजिए बवाल। पहले यह फिल्म 6 अक्टूबर, 2023 को रिलीज होने वाली थी।

इस साल मार्च में बवाल की नई रिलीज डेट जारी हुई थी। समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर वरुण और जान्हवी की तस्वीर के साथ फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला और निर्देशक नितेश तिवारी की तस्वीर साझा कर लिखा, बवाल की नई रिलीज डेट जारी। यह 6 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बवाल पहले 7 अप्रैल, 2023 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म का काम बचा होने की वजह से इसकी रिलीज टाल दी गई।

CMYK

# बिना फिटनेस और टैक्स के अब सड़कों से गुजरना पड़ेगा मंहगा

» परिवहन विभाग द्वारा ऑटोमैटिक ई-चालान की व्यवस्था
» राज्य के विभिन्न मार्ग में तैयार हुआ एएनपीआर सिस्टम जल्द होगा शुभारंभ
» बिना दस्तावेजों के गाड़ी चलाते पकड़े गए तो होगी सख्त कार्रवाई

**रायपुर, 30 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार अब बिना फिटनेस, टैक्स और बिना दस्तावेज के चलने वाले वाहनों पर सख्ती करने की तैयारी में हैं। प्रदेश के विभिन्न मार्ग में अब एएनपीआर ई-डिटेक्शन सिस्टम शुरू करने की तैयारी पूर्ण कर ली गई है, जिससे कि बिना फिटनेस और बिना टैक्स वाले वाहनों के सड़को से गुजरने पर ऑटोमैटिक चालान होगा। अब इसका उद्घाटन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप तथा परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन सुविधाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो रहा हैं। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में होने वाले मृत्यु के आँकड़ो को देख कर प्रदेश में रोड एक्सीडेंट कम करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण बिना फिट्नेस के चलने वाले हैवी गाड़िया है। अनफिट गाड़ियो से होने वाली सड़क दुर्घटना कम करने के लिए प्रदेश में परिवहन विभाग की पहल पर विभिन्न मार्ग में एएनपीआर कैमरा लगाये जा रहे है, जो बिना फिटनेस और टैक्स के चलने वाले वाहनों को डिटेक्ट कर ऑटोमैटिक चालानी कार्यवाही करेगा।

परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में विभिन्न मार्ग पर चलने वाले ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए पहले चरण में 09 जगहों पर एएनपीआर कैमरा लगाया है जो परिवहन विभाग के वाहन सॉफ्टवेर और ई डिटेक्शन सिस्टम से जुड़ा हुआ है।

**प्रथम चरण में इन स्थानों में शुरू किया गया है एएनपीआर ई डिटेक्शन सिस्टम**

महासमुंद बसना पदमपुर रोड, सराईपाली सारंगगढ़ रोड, जयराम नगर मस्तूरी रोड, रायपुर अभनपुर भरेंगाभाटा, पत्थल गाँव अंबिकापुर रोड, डोंगरगढ़ राजनांदगाँव रोड, रायगढ़ तेंदुवाभाटा, रायगढ़ सरिया, नगरी रोड। इसके बाद खनन और



औद्योगिक क्षेत्रों से भी एएनपीआर कैमरे के मदद से डेटा एकत्र करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है और जल्द ही इन जगहों से गुजरने वाली गाड़ियो का रिकॉर्ड भी एएनपीआर सिस्टम के माध्यम से परिवहन विभाग को प्राप्त होने लगेगा।

इस सिस्टम गाड़ियों की जानकारी को ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रेकग्निशन (एएनपीआर) कैमरा के माध्यम से जानकारी प्राप्त किया जाएगा और जब कोई वाहन रोड से गुजरेगा तो उसकी तस्वीरें ली जाएंगी। जिस वाहन के पास कानूनी रूप से आवश्यक वैध दस्तावेज नहीं होंगे उसका रिकॉर्ड वाहन के डेटाबेस से प्राप्त कर लिया जाएगा और ई-डिटेक्शन पोर्टल द्वारा स्वचालित रूप से चालान किया जाएगा। चालान एसएमएस के माध्यम से वाहन स्वामी के मोबाइल में भेज दिया जाएगा और जब तक वाहन स्वामी के द्वारा उस चालान का भुगतान नहीं कर दिया जायेगा तब तक उस गाड़ी से संबंधित समस्त कार्य सभी आरटीओ में प्रतिबंधित रहेंगे।

परिवहन सचिव एस प्रकाश द्वारा वाहन मालिकों से अपील की गई है कि सड़क में वाहन चलाने से पहले गाड़ी के समूर्ण आवश्यक दस्तावेज को अप-टू-डेट करा ले। सभी दस्तावेज पूर्ण होना स्वय और सड़क में चलने वाले अन्य सभी लोगो के सुरक्षा के लिये आवश्यक है।

परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा द्वारा वाहन स्वामियों से अपील की गई है कि वे फिटनेस, टैक्स, बीमा और पीयूसी के जुर्माने से बचने के लिए वाहन के दस्तावेज अप-टू-डेट रखें। सड़क सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट की समिति (एससीसीओआरएस) की सिफारिश के बाद सरकार ने ई डिटेक्शन के क्रियान्वयन का नीतिगत निर्णय लिया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट समिति के सचिव संजय मित्तल ने कुछ जिलों का दौरा किया था और राज्य में सड़क हादसों को कम करने के लिए शुरू किए गए सुधारात्मक उपायों की समीक्षा की थी। उन्होंने बिना फिटनेस और इंश्योरेंस के चल रहे वाहनों पर लगाम लगाने के लिए निर्देश दिये थे।

ज्ञात हो कि किसी वाहन को सड़क पर चलाने के लिए टैक्स पटाना, पंजीकरण प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट (यदि परिवहन वाहन है तो), बीमा और सभी वाहनों के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) जैसे वैध दस्तावेज होने अनिवार्य है तथा सभी वाहन चालकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है। पर्सनल वाहनों के लिए फिटनेस और परमिट की आवश्यकता नहीं होती है। नमूना आंकड़ों के अनुसार, यह देखा गया है कि बहुत से वाहन बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे हैं। खासतौर से हेवी माल यान जिसमें फिटनेस अनिवार्य है, ऐसे वाहन भी बिना फिटनेस और बिना टैक्स के चलते पाये जाते है। ऐसे वाहनो से सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है और इंश्योरेंस क्लेम में भी समस्या उत्पन्न होती है।

# नये हितग्राहियों को आवास योजना के तहत आवास दिलाने राज्य सरकार करेगी केन्द्र से आग्रह : बघेल

## मुख्यमंत्री भूपेश ने बेरोजगारी भत्ते की तीसरी किस्त 31.69 करोड़ लाखों युवाओं के खाते में ट्रांसफर की

**रायपुर, 30 जून 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के पिछले दस वर्षों में जुड़े नये हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार केन्द्र से आग्रह करेगी, यदि केन्द्र से अनुमति नहीं मिलती है, तो राज्य सरकार अपने बलबूते नये हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाएगी। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता की तीसरी किश्त तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों के खाते में राशि के ऑनलाईन अंतरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराना चाहती है। इस उद्देश्य से जहां शासकीय नौकरियों में बड़ी संख्या में भर्तियां की जा रही हैं, वहीं युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ युवाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से कौशल



विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित योजाओं को रोजगार से जोड़ने का काम भी साथ-साथ चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत 1 लाख 16 हजार 737 हितग्राहियों के खाते में तीसरी किश्त के रूप में 31 करोड़ 69 लाख 60 हजार रुपए की राशि तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 49 हजार 157 हितग्राहियों के खाते में 151 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण किया। बेरोजगारी भत्ता की अप्रैल माह और जून माह की तीन किश्तों को मिलाकर हितग्राहियों के खाते में अब तक 80 करोड़ 64 लाख 25 हजार रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। आज अंतरित की गई राशि में अप्रैल माह के शेष 1600 लाभार्थियों को तीन माह तथा मई माह के शेष 6847 लाभार्थियों को दो माह का बेरोजगारी भत्ता जारी किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन अभी वर्ष 2023 चल रहा है। 10 साल की अवधि में इस योजना के अनेक नये हितग्राही जुड़े हैं। राज्य के भ्रमण के दौरान अनेक हितग्राही आवास की मांग करते है। नये हितग्राहियों को इस योजना से लाभान्वित करने के लिए हमने 01 अप्रैल से आर्थिक सर्वेक्षण कराया है, जिसका डाटा एनालिसिस का काम चल रहा है। इस सर्वेक्षण के आधार पर राज्य सरकार केन्द्र से इन नये हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह करेगी। यदि ऐसा नहीं होता तो छत्तीसगढ़ सरकार अपने बलबूते पर इन हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सभी वर्गों के लिए योजना बना कर उन्हें लाभान्वित किया गया है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर शुरू की गई बेरोजगारी भत्ता योजना का उद्देश्य युवाओं को आर्थिक मदद पहुंचाना है और उन्हें रोजगार से जोड़ना है। ताकि इस राशि की मदद से युवा अपने पैरों पर खड़े हो सके। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की जानकारी दी। हितग्राहियों को योजना की राशि उनके खाते में सीधे अंतरित की जाती है। कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने बेरोजगारी भत्ता योजना की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी।

# शराब घोटाला मामले में ईडी चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में



**रायपुर, 30 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में ईडी आगामी 04 जुलाई को अपनी चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। बताया जाता है कि अब तक जितने लोगों के बयान दर्ज किए हैं, उनका समावेश इस चार्जशीट में किया जा रहा है।

सूत्रों की माने तो छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में ईडी अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि रिमांड अवधि समाप्त होने के पहले ही ईडी चार्जशीट तैयार करने में पूरी तरह से जुटी हुई है। करीब दो हजार करोड़ रूपए के इस चर्चित घोटाला मामले में ईडी ने आरोपी बनाए गए अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित, त्रिलोक सिंह ढिल्लन तथा आबकारी अधिकारी एपी त्रिपाठी के खिलाफ

जल्द ही विशेष कोर्ट में अपना चार्जशीट दाखिल करने वाली है। ज्ञात हो कि 05 जुलाई को अनवर ढेबर तथा अन्य की रिमांड अवधि पूरी होने वाली है। ईडी इस बात को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए 04 जुलाई को ही चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में हैं। बताया जाता है कि अब तक की जांच-पड़ताल और संबंधित लोगों से लिया गया बयान आदि भी इस चार्जशीट में समाहित किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो ईडी की यह चार्जशीट हजारों पेज की हो सकती है।

# पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार

» आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार के कई मामले हैं दर्ज

**रायपुर,30 जून 2023 (ए)।** फरारी काट रहे पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी को ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम ने आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि आय से अधिक संपत्ति रखने के साथ ही एक-दो अन्य प्रकरणों में फंसे पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी को




ईओडब्लू-एसीबी की टीम ने आंध्रप्रदेश के गुंटूर से गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार चतुर्वेदी की गिरफ्तारी आंध्रप्रदेश से देर रात की गई है। चतुर्वेदी के खिलाफ भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के प्रकरण दर्ज हैं। उन्हें हाईकोर्ट से राहत मिली हुई थी, लेकिन बाद में जमानत खारिज होने के बाद से ही वे गायब हो गए थे। बताया जाता है कि ईओडल्यू-एसीबी की टीम लगातार उनके करीबियों और जान-पहचान के लोगों से पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान टीम को उनके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी। इसके बाद तत्काल एक टीम गठित कर आंध्रप्रदेश रवाना किया गया। यहां टीम ने गुप्त रूप से काम करते हुए उन्हें गुंटूर जिले से हिरासत में ले लिया। चतुर्वेदी मूलत3 पंचायत विभाग के अधिकारी थे और वे पाठ्यपुस्तक निगम में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे।


# हथियारों के जखीरे के साथ नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर,30 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान एक नक्सली को हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नक्सली को आज बीजापुर कोर्ट में पेश किया गया। दरअसल, आज सुरक्षाबल की संयुक्त पार्टी एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। इस दौरान जवानों ने एक मिलिशिया कमांडर को विस्फोटक के साथ पकड़ा है। मामला तर्रेम



थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिले के उसूर ब्लाक के तर्रेम थाना से जिला बल और सीआरपीएफ 168 बटालियन ई कंपनी की संयुक्त टीम शुक्रवार को एरिया डॉमिनेशन पर तर्रेम के पटेलपारा की तरफ निकली हुई थी। इस दौरान तर्रेम के पटेलपारा की टेकरी के पीछे एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर छिपते हुए भागने लगा। इस पर सुरक्षाबल के जवानों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम 29 वर्षीय तामू नंदा (मिलिशिया कमांडर) निवासी तामूपारा बेदरे थाना जगरगुंडा जिला सुकमा का रहने वाला बताया। इसके पास रखे पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर बैग से 3 पैकेट जिलेटिन, 2 डेटोनेटर, लगभग 1 मीटर कोडेक्स वायर, बड़ा डेटोनेटर लगा हुआ टीएलडी वायर और करीब 250 ग्राम स्पीलिंटर (लोहे का कील) बरामद की गई।

# लव जिहाद मामले में आरोपी गिरफ्तार



» इस्लाम कबूलने युवती पर बना रहा था दबाव
» शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**बिलासपुर , 30 जून 2023 (ए)।** जिले के सकरी थाना क्षेत्र में लव जिहाद का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जानकारी अनुसार बाहर से आकर शहर में पढ़ाई के साथ-साथ प्राइवेट जॉब करने वाली एक युवती सकरी क्षेत्र के एक कॉलोनी में रहती थी, जिससे शहर के कुमहारपारा निवासी युवक आकीब जावेद ने पहले दोस्ती की फिर प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर उसका दैहिक शोषण करता रहा. युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया तो आरोपी युवक ने उसे इस्लाम धर्म अपनाने पर शादी की बात कहने लगा, जब युवती ने धन्मांतरण से मना किया तो आरोपी ने युवती से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई. फ़िलहाल पीड़ित युवती की शिकायत पर सकरी पुलिस ने अनाचार का अपराध दर्ज किया है.

# पुलिस और सीआरपीएफ के सामने दो नक्सलियों ने किया सरेंडर

**सुकमा,30 जून 2023 (ए)।** सुकमा जिले में हिंसा की घटनाओं में शामिल दो नक्सलियों ने सरेंडर किया है. नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सी आरपीएफ के सामने आत्मसमर्पण किया है. इससे पहले भी एक महिला नक्सली ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था.आत्मसमर्पित महिला नक्सली पर एक लाख का इनाम घोषित था.महिला नक्सली की पहचान हेमला गंगी के रूप में हुई थी. जो पिछले 12 सालों से प्रतिबंधित संगठन से जुड़ी थी. दोनों लंबे समय से जिले के जगरगुंडा और किस्टाराम इलाकों में हिंसा की कई घटनाओं में शामिल थे. आत्मसमर्पण करने वाले लोगों ने पुलिस को बताया कि वे



जिला पुलिस के नक्सल पुनर्वास पूना नार्कोम अभियान (स्थानीय गोंडी बोली में गढ़ा गया एक शब्द, जिसका अर्थ है नई सुबह या नई शुरुआत) से प्रभावित थे.दोनों ही आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जाएंगी.

# ईडी पर प्रताड़ना का आरोप लगाने वाले निखिल की 7 दिन बढ़ी रिमांड

**रायपुर , 30 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में कोयला लेवी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी पर प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाने वाले आरोपी निखिल चंद्राकर की पुलिस रिमांड बढ़ गई है। विशेष अदालत ने निखल चंद्राकर की 7 दिन की पुलिस रिमांड दी है। निखिल अब 7 जुलाई को कोर्ट में पेश होगा। इस दौरान ईडी उससे और पूछताछ करेगी। बता दें कि आरोपी निखिल ने ईडी पर ज्यादती का आरोप कोर्ट में अपने वकील के मार्फ़त लगाया था। जानकारी के मुताबिक उसने अफसरों-नेताओं




का नाम लेने का दबाव बना रही है ईडी कहा था। पहली बार उसके ही आवेदन पर ईडी की ज्यादती का मामला अदालत पहुंचा। निखिल चंद्राकर ने कहा था कि दस्तावेजों पर बिना पढ़ाए हस्ताक्षर करा लिए हैं। बता दें कि ईडी के अधिकारियों ने उसे 23 दिसम्बर 2022 को उसके घर से बिना कोई नोटिस दिए उठा लिया था। रात भर उससे क्रूरतापूर्ण व्यवहार करते हुए उसे एक लॉकअप में 24 घण्टों से भी अधिक समय तक रखा गया। 24 दिसम्बर को उसकी तबीयत खराब होने के बाद भी एजेंसी के अफसरों-कर्मचारियों ने उसका इलाज नहीं कराया। खाना भी नहीं दिया और न ही छोड़ा था। निखिल चंद्राकर की ओर से अधिवक्ता सोएब अल्वी ने यह मामला अदालत के सामने पेश किया है।

# पति पत्नी में हुई मामूली लड़ाई तो महिला ने गुस्से में की गर्भपात की मांग

» हाईकोर्ट ने बेतुके मांग को मानने से किया इनकार

**बिलासपुर , 30 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई करते हुए महिला को गर्भपात की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। महिला ने अपने पति के साथ रिश्ते में आए तनाव के मद्देनजर गर्भपात की मांग की थी। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि गर्भपात की अनुमति सिर्फ पति-पत्नी के बीच बिगड़ते संबंधों के आधार पर नहीं दी जा सकती है। इसके साथ ही महिला की याचिका भी खारिज कर दी है।



29 वर्षीय महिला की शादी साल 2022 में हुई थी। इस बीच महिला ने गर्भधारण किया,लेकिन कुछ समय के बाद पति-पत्नी के बीच रिश्ता बिगड़ने लगा। इस पर महिला ने गर्भपात कराने का फैसला कर लिया। महिला ने हाईकोर्ट से गर्भपात की इजाजत के मद्देनजर याचिका दायर की। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारत में अभी भी अबॉर्शन को अपराध की तरह माना जाता है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)